


# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!




Vol. 12 Issue No. 20 Faridabad (NCR) Thursday, 16-30 November 2023 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/21-23 Page : 8

## दिल्ली-नोएडा का सफर होगा नॉन स्टॉप, चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम मार्च में शुरू होने की उम्मीद

**New Delhi/Agency**

दिल्ली-नोएडा को जोड़ने वाले चिल्ला एलिवेटेड रोड को लेकर 29 नवंबर को प्री-बिड मीटिंग होगी। सेतु निगम ने यह मीटिंग बुलाई है। एलिवेटेड रोड का निर्माण करने के लिए कंपनियों से 12 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए हैं। इस परियोजना का काम मार्च में शुरू होने की उम्मीद है। जाम खत्म करने के लिए दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर से नोएडा के महामाया फ्लाईओवर तक यह एलिवेटेड रोड बनना है। चिल्ला रेगुलेटर से एलिवेटेड रोड को मयूर विहार फ्लाईओवर से जोड़ा जाएगा। इसका निर्माण सेतु निगम को करना है। इस महीने सेतु निगम ने एलिवेटेड रोड का निर्माण शुरू कराने के लिए टेंडर जारी किया था। इस बीच 29 नवंबर को प्री बिड मीटिंग बुलाई गई है। इस दौरान जो कंपनियां टेंडर प्रक्रिया में आना चाहती हैं, वे इस परियोजना से जुड़ी कोई भी जानकारी ले सकती हैं या सुझाव दे सकती हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगर पहली ही इस टेंडर प्रक्रिया में कंपनी का चयन हो जाता है तो मार्च-अप्रैल 2024 तक एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो सकता है। वर्ष 2020 में इस एलिवेटेड रोड का काम शुरू हुआ था, लेकिन लागत विवाद के कारण 2021 में काम बंद हो गया। काम का जिम्मा मिलने पर सेतु निगम ने नाममात्र काम किया। बाद में लागत बढ़ने से काम बंद हो गया। करीब दो साल से काम पूरी तरह बंद पड़ा है। करीब चार महीने पहले लागत को लेकर चल रहा विवाद खत्म हुआ। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण ने सेतु निगम को टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। परियोजना की निगरानी का जिम्मा नोएडा प्राधिकरण के पास होगी। फिल्म सिटी रास्ते पर जाम की समस्या खत्म करने के लिए करीब 10 साल पहले चिल्ला एलिवेटेड रोड बनाने की योजना तैयार की गई थी। छह-सात साल तक यह योजना फाइलों में ही घूमती रही। वर्ष 2018 में इस परियोजना को मंजूरी दी गई और 25 जनवरी 2019 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका शिलान्यास भी कर दिया। इसका काम का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के जरिए उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम को सौंपा गया। दावा किया गया कि सितंबर 2021 तक महामाया से सेक्टर-18 और दिसंबर 2021 तक पूरा एलिवेटेड रोड बनकर तैयार हो जाना चाहिए था।

# भगवान वेंकटेश्वर की विशेष पूजा में शामिल हुए पीएम मोदी

## 140 करोड़ भारतीयों के लिए प्रार्थना की-मोदी

**New Delhi/Agency**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना के तिरुमाला मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। वे यहां भगवान वेंकटेश्वर की विशेष पूजा में शामिल हुए। PM ने तिरुपति मंदिर की अपनी तस्वीरें पोस्ट करके लिखा- तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 140 करोड़ भारतीयों के अच्छे स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पीएम 3 दिन के तेलंगाना दौरे पर हैं। इस बीच कल (26 नवंबर) रात वे तिरुपति पहुंचे। पीएम की यात्रा के मद्देनजर तिरुपति देवस्थानम ने घोषणा की है कि 27 नवंबर को VIP दर्शन रद्द रहेगा। तिरुमाला से निकलने के बाद पीएम मोदी दोपहर 12:45 बजे महबूबाबाद और 2:45 बजे करीमनगर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे हैदराबाद में मेगा रोड शो भी होगा, जिसके बाद



वे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

**तिरुमाला जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

तिरुमाला में प्रधानमंत्री मोदी और छ्रू जगन मोहन के दौरे के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा की जा रही है। रेनीगुंटा एयरपोर्ट से लेकर तिरुमाला हिल तक जाने वाले रास्तों पर चौकियां बनाकर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा CCTV कैमरे लगाए गए हैं और वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**हैदराबाद में कहा था- कांग्रेस-BRS एक-दूसरे की कार्बन कॉपी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (26 नवंबर) को तुरपान में एक जनसभा के दौरान कहा- छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान, तीनों राज्यों में मतदान हो चुका है और मैंने तीनों राज्यों में देखा है कि I.N.D.I.A साफ हो जाएगी। वहां की महिलाएं, वहां के किसान, वहां के जवान कांग्रेस पार्टी को जड़ों से उखाड़ फेंकने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और BRS, दोनों की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टीकरण और खराब कानून व्यवस्था से है। ये दोनों पार्टियां एक-दूसरे की कार्बन कॉपी हैं। इसलिए मेरी बात रखिएगा- दोनों से रहो सावधान, BJP ही बढ़ाएगी तेलंगाना का मान।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बधाई दी



**New Delhi/Agency**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने (सोमवार) सुबह श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की लोगों की बधाई दी है। उन्होंने अपने मन की बात कार्यक्रम में भी प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर गुरु नानक देव का स्मरण किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं। दूसरों की सेवा करने और भाईचारे को आगे बढ़ाने पर उनका जोर दुनिया भर के लाखों लोगों को ताकत देता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर धर्म का सम्मान करते हैं। वो 20 दिसंबर, 2020 को अचानक दिल्ली के गुरुद्वारा रकाबगंज पहुंच गए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने गुरुद्वारा रकाबगंज में माथा टेकते हुए गुरु तेग बहादुर के त्याग को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

## चुनाव से पहले केसीआर सरकार को तगड़ा झटका, ईसी ने रायतु बंधु योजना पर लगा दी रोक

**New Delhi/Agency**

तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इससे पहले केसीआर सरकार को तगड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग ने केसीआर सरकार द्वारा रायतु बंधु योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली नकदी की मदद पर रोक लगा दी है। चुनाव आयोग ने आदेश जारी कर कहा है कि तत्काल इस योजना को रोक दिया जाए। बता दें कि पहले चुनाव आयोग ने इसकी अनुमति दी थी लेकिन बीआरएस नेताओं द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने के बाद यह कड़ा कदम उठाया गया है। बताया गया कि राज्य के मंत्री अपने भाषण में इसका ऐलान कर रहे थे। चुनाव आयोग ने कहा, जब तक आदर्श आचार संहिता लागू है तब तक इस योनजा के तहत कोई भी रकम जारी नहीं की जाएगी। बता दें कि चुनाव आयोग ने कुछ शर्तों के आधार पर रबी की फसल के इन्स्टॉलमेंट के लिए राज्य सरकार को इजाजत दी थी। राज्य से कहा गया था कि इस योजना के महिमामंडन का काम चुनाव के दौरान ना किया जाए। हालांकि रिपोर्ट्स में बताया गया कि राज्य के मंत्री ही रायथु बंधु स्कीम का गुणगान करने में लगे थे। वे मंचों से यह भी कह रहे थे कि किसानों के खातों में पैसा आने वाला है। राज्य के वित्त मंत्री ने रबी फसल की किस्त का ऐलान भी किया था। उन्होंने कहा था, सोमवार को किसानों के खाते में पैसे भेज दिए जाएंगे। किसान सुबह का नाश्ता और चाय भी नहीं पी पाएंगे कि उनके खाते में पैसे आ जाएंगे। इसके बाद ही रविवार को कांग्रेस ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर को पत्र लिखकर बीआरएस पर प्रतिबंध लगाने की बात कही थी। इसमें कहा गया था कि बीआरएस को इसके



महिमामंडन से रोका जाए। चुनाव आयोग ने तेलंगाना की सरकार को 24 नवंबर को ऋतु बंधु स्कीम का पैसा बांटने की इजाजत दे दी थी। यह 28 तारीख तक लागू थी। हलांकि कांग्रेस की शिकायत के बाद इजाजत वापस ले ली गई। सीईसी राजीव कुमार को लिखे पत्र में कांग्रेस ने कहा था कि बीआरएस नेता चुनाव आयोग की इजाजत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और इसका प्रयोग मतदाताओं को लुभाने के लिए कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वे अपने ही जेब से किसानों को पैसा दे रहे हों।

# गुजरात में क्यों कहर बरपा रही बेमौसम बारिश

**New Delhi/Agency**

गुजरात में बेमौसम बारिश और आकाशीय बिजली ने कम से कम 22 लोगों की जान ले ली है। रविवार को गुजरात में कई जगहों पर जोरदार बारिश और ओलावृष्टि हुई। ओले गिरने की वजह से सड़कों पर सफेद चादर बिछी नजर आई। दाहोद में चार, भरूच में तीन, तापी में दो, अहमदाबाद, अमरेली, बनासगकाठा, बातोड, खेड़ा, मेहसाना, पंचमहल, साबरकांठा, सूरत, सूरेंद्र नगर और द्वारका में एक-एक की मौत हो गई। बता दें कि मौसम विभाग ने सोमवार के लिए भी गुजरात में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

क्या है बेमौसम बारिश की वजह-मौसम विभाग कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ ऐक्टिव होने की



वजह से गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। अहमदाबाद में मौसम विज्ञान केंद्र के डायरेक्टर मनोरमा मोहंती ने कहा कि रविवार के लिए बारी बारिश का अलर्ट था। हालांकि सोमवार को भी दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र में भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तरपूर्व अरब सागर में चक्रवातीय संचरण की वजह से यह बारिश हो रही है।

मौसम विभाग ने कहा कि सोमवार को गुजरात के ज्यादातर इलाकों में हल्की बारिश होगी। वहीं सोमवार से एक बार फिर मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि बेमौसम बारिश की वजह से कई जिलों मे ठंड बढ़ने के आसार हैं। एसईओसी के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात के 252 में से 234 तालुका में रविवार को बारिश हुई। सुरेंद्रनगर, तापी, खेड़ा और अमेरेली जिलों में 50 से 117मिमी तक वर्षा रिकॉर्ड की गई। मोरबी और राजकोट में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गुजरात में बारिश की वजह से होने वाली मौतों पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा. गुजरात के कई शहरों में भारी बारिश और बिजली गिरने की वजह से लोगों की जान चली गई है। हम मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। स्थानीय प्रशासन को राहत बचाव करने के निर्देश दिए गए हैं। जो लोग घायल हुए हैं उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं। बता दें कि रविवार को राजस्थान के भी कुछ जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्ट हुई।

## ममता बनर्जी ने नहीं काटा अडानी का पत्ता, हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट का अब भी हिस्सा

**New Delhi/Agency**

कारोबारी गौतम अडानी और पश्चिम बंगाल सरकार ताजपुर में डीप सी पोर्ट प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार में मंत्री शशि पांजा ने साफ कर दिया है कि अडानी समूह प्रोजेक्ट से बाहर नहीं हुआ है। दरअसल, राज्य में हाल ही में हुए शिखर सम्मेलन में अडानी नहीं पहुंचे थे, जिसके बाद इस तरह के कयास लगने लगे थे। राजधानी कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पांजा ने कहा, बंगाल और अडानी ताजपुर प्रोजेक्ट के लिए साथ काम कर रहे हैं, जिसके लिए केंद्रीय गृहमंत्रालय की तरफ से भी सशर्त मंजूरी मिल गई है। गृहमंत्रालय, रक्षा मंत्रालय ने कई स्पष्टीकरण मांगे हैं। फिलहाल, हमारी सरकार और अडानी समूह इन मुद्दों पर साथ काम कर रहे हैं। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, वे स्वभाविक है कि बकवास करेंगे।

**कहां से उठी बात**-21 और 22 नवंबर को कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट का आयोजन हुआ था। यहां गौतम अडानी और उनके बेटे करण नहीं पहुंचे थे। अब सीएम बनर्जी के शुरुआती भाषण में उन्होंने ताजपुर प्रोजेक्ट का जिक्र कर दिया और कई बड़े कारोबारी समूहों को इससे जुड़ने का न्योता दे दिया।

**सीएम से मुलाकात**-खबर है कि साल 2021 के बाद से अब तक अडानी और उनके बेटे दो बार सीएम बनर्जी से मुलाकात कर चुके हैं। दिसंबर 2021 में अडानी ने टीएमसी सुप्रीमो से नाबन्ना में लंबी चर्चा की थी। इसके अलावा 2022 में उन्होंने BGBS का उद्घाटन करने के लिए न्योता दिया गया था।



**TMC सांसद पर कार्रवाई**-तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने रुपयों के बदले में संसद में सवाल पूछने के आरोप लगाए थे। उनके आरोप थे कि मोइत्रा ने कारोबारी अडानी पर सवाल पूछने के लिए रिश्वत ली थी। इस संबंध में कारोबारी दर्शन हीरानंदानी ने भी हलफनामा दिया था कि मोइत्रा ने अडानी को निशाना बनाया था।

## मस्जिदों से उतरवाए गए लाउडस्पीकर, लखनऊ समेत यूपी के कई जिलों में पुलिस का फिर ऐक्शन

**Lucknow/Agency**

धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बजाने के मामले यूपी पुलिस एक बार फिर ऐक्शन में है। लखनऊ कानपुर समेत प्रदेशभर में स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार के निर्देश पर सोमवार सुबह अभियान चलाकर पुलिस ने लाउडस्पीकर को उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि लाउडस्पीकर को उतरवाने के दौरान पुलिस को सहयोग मिला। शांति से कार्रवाई की गई। खबर के मुबातिक, पुलिस टीमें सोमवार सुबह पांच गश्त पर निकली। जानकारी करने के फिर पुलिस ने एक्शन लिया। लखनऊ में तकिया वाली मस्जिद, गाजीपुर क्षेत्र समेत कई इलाकों में मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरे गए। वहीं फैजाबाद के उत्तर थाना दक्षिण थाना रसूलपुर और थाना रामगढ़ क्षेत्र से करीब एक दर्जन लाउडस्पीकर उतरवाए गए हैं। हमीरपुर में भी



सुबह पांच बजे से पहले ही एसडीएम, सीओ पुलिस फोर्स के साथ मस्जिदों के भ्रमण पर रहे। शहर की मस्जिदों के जिम्मेदारों से मिलकर उन्हें शासन द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी। हालांकि किसी भी मस्जिद में बाहर कोई लाउड स्पीकर लगा नहीं मिला है। कानपुर में गोविद नगर, नई सड़क समेत कई मस्जिदों से भोर पहर लाउडस्पीकर हटाए गए। पुलिस आयुक्त आर.के. स्वर्णकार के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों/सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध लाउस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों को विभिन्न थानाक्षेत्र के अन्तर्गत विशेष अभियान चलाकर हटवाए गए। बांदा में भी मस्जिदों और मंदिरों से लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। चित्रकूट के एक मस्जिद से भी हटाया गया। फर्रुखाबाद में 37 स्थान पर आवाज कम कराई गई 9 स्थान से लाउडस्पीकर हटवाए गए। ललितपुर में तीन मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए गए। साथ ही कई मस्जिदों में वॉल्यूम कम कराया गया। कन्नौज में करीब 20 मस्जिदों में कार्रवाई की गई। तेज लाउडस्पीकरों की आवाज घटवाई गई।

**उरई में एसपी ने मस्जिदों के पेश इमामों को मानक के अनुसार लाउडस्पीकर बजने का दिया निर्देश**

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली उरई व जालौन कोतवाली क्षेत्र का भ्रमण कर धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर चेक किया गया एवं धार्मिक स्थलों के धर्मगुरुओं को मानक के अनुसार लाउडस्पीकर बजने हेतु निर्देशित किया गया तथा ड्यूटीरत पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने उरई कोतवाली की मुख्य मस्जिद करसान रोड स्थित कब्रिस्तान मस्जिद व मोहल्ला नया रामनगर की ईदगाह वाली मस्जिद जाकर वहां के पेश इमाम को मानक के हिसाब से लाउडस्पीकर चलने और बेवजह के लाउडस्पीकर हटाने का निर्देश दिया। इसके अलावा जालौन कोतवाली क्षेत्र में भी यह अभियान चलाया गया और सभी जगह धर्म गुरुओं व पेश इमामों को डीजीपी के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया गया।

# जब तक तोड़ेंगे नहीं, छोड़ेंगे नहीं; टनल में ऊपर से छेद, नीचे चूहे की तरह रहे भेद; एक साथ 5 तरफ से ऐक्शन

**New Delhi/Agency**

उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए वर्टिकल ड्रिलिंग (सुरंग में ऊपर से नीचे की ओर खुदाई) चल रही है। ऑगर मशीन के टूटे हुए ब्लेड को भी बाहर निकाल लिया गया है। अब विशेष रूप से मैनुअल खुदाई के लिए प्रशिक्षित लोग हाथ से मलबा हटाकर 10 मीटर दूर मजदूरों तक रास्ता बनाने की कोशिश करेंगे। ये ठीक उसी तरह काम करते हैं जैसे चूहे कहीं धीरे-धीरे कुतरते हुए बिल बनाते हैं, इसलिए इन्हें इन्हें रैट माइनर्स भी कहा जाता है। सुरंग में अब एक साथ 5 योजना पर काम किया जा रहा है। मजदूर सुरंग में 16 दिन से फंसे हुए हैं। देसी और विदेशी मशीनों और एक्सपर्ट की मदद से उन्हें निकालने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। 41 जिंदगियों को बचाने के काम में दिनरात जुटी एजेंसियों का सबसे ज्यादा फोकस अब भी ऑगर मशीन के रास्ते पर ही है। इस क्रम में सबसे पहले पाइप में फंसी ऑगर मशीन को बाहर निकाला जाना है। इसके बाद आगे की खुदाई मैनुअल तरीके से करके श्रमिकों तक पहुंचा जाना है। अन्य विकल्पों में तीन स्थानों से वर्टिकल ड्रिलिंग होनी है। इसके तहत सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग शुरू भी कर दी गई है। दो अन्य स्थानों के लिए भी काम चल रहा रही है। सुरंग के दूसरे छोर यानि बड़कोट साइड पर भी बचाव कार्य



लगातार जारी हैं। यहां टीएचडीसी ने चार विस्फोट कर 10.7 मीटर रास्ता बना लिया है। यहां दो मीटर चौड़ाई का पाइप 483 मीटर दूरी तक बिछाया जाना है।

इस संबंध में सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के अपर सचिव महमूद अहमद ने रविवार को बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में अब एक साथ कई प्लानिंग पर काम चल रहा है। रविवार से सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग का काम शुरू हो गया है। 19.2 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग की जा चुकी है। यहां 86 मीटर ड्रिलिंग की जानी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को टनकपुर के छीनीगोठ में पुष्कर के माता-पिता से मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने उन्हें बताया कि मशीन फंसने से बचाव कार्यों में देरी हो रही है। अब धीरे-धीरे रेस्क्यू करके कुछ घंटों में पुष्कर समेत सभी श्रमिकों को सकुशल निकाल लिया जाएगा। विशेषज्ञ बचाव में तेजी ला रहे हैं।

प्लान 01

सिलक्यारा की तरफ से आठ सौ एमएम के पाइप में फंसी ऑगर मशीन को बाहर निकाला जा रहा है। इसके बाद आगे की खुदाई मैनुवल तरीके से की जाएगी।

प्लान 02

बड़कोट छोर की ओर से टीएचडीसी ने चार ब्लॉस्ट कर 10.7 मीटर अंदर तक राह बना ली है। यहां दो मीटर चौड़ाई का पाइप 483 मीटर तक बिछाया जाना है।

प्लान 03

एसजीवीएनएल ने सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग कर एक मीटर चौड़ा पाइप 19.2 मीटर तक पहुंचा दिया है।



# उच्च शिक्षा में ऊंची उड़ान के लिए

उच्च शिक्षा हासिल कर विश्वविद्यालय-कॉलेजों में अध्यापन के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए आनेवाला समय संभावनाओं से भरा है. नये केंद्रीय विश्वविद्यालयों के खुलने और विभिन्न विश्वविद्यालयों में नयी रिक्तियां आने से यह क्षेत्र काफी आकर्षक बन गया है. लेकिन दूसरे क्षेत्रों के उलट यह क्षेत्र लंबी और समर्पण भरी तैयारी की मांग करता है. आइए जानें कैसे बढ़ाएं कदम शिक्षा की इस आकर्षक दुनिया में.



पिछले दिनों एमफिल और पीएचडी करने के बाद भी उम्मीदवारों को एकेडेमिक्स क्षेत्र में कदम बढ़ाने के लिए नेट उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता पर बहस छिड़ी थी. अंततः इस शर्त को मान लिया गया. कहा गया कि मौजूदा समय में फैकल्टी की भारी कमी के कारण यह फैसला लिया गया है. सैम पित्रौदा की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में पहले से ही 1,500 विश्वविद्यालय हैं और अभी 14 नयी इनोवेशन यूनिवर्सिटीज खुलनी हैं. लेकिन मौजूदा विश्वविद्यालयों में ही फैकल्टी की कमी होने से नये विश्वविद्यालय इस स्थिति से कैसे निबटेंगे, यह समझना मुश्किल है. फिर भी उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ाते समय अधिकांश युवाओं के जेहन में सपना होता है कि वे आनेवाले समय में कॉलेज, विश्वविद्यालय में पढ़ायेंगे. विश्वविद्यालय में पढ़ाने के लिए न्यूनतम योग्यता के बारे में तो सब जानते हैं, पर उस योग्यता के साथ नौकरी पक्की नहीं होती है. इस क्षेत्र में सफलता अर्जित करने के लिए उम्मीदवारों को लगातार अपनी योग्यता में इजाफा करना होता है.

कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ाने की शुरुआत असिस्टेंट प्रोफेसर के पद से होती है. ज्यादातर जगहों पर आ रही रिक्तियों के विज्ञापन से पता चलता है कि इस पद के लिए चयन अब प्वॉइंट सिस्टम के माध्यम से होगा. डीयू, एएमयू के अलावा कई विश्वविद्यालयों में छात्रों की स्क्रीनिंग करने के लिए एकेडमिक एक्सीलेंस के विभिन्न पायदानों को प्वॉइंट सिस्टम के अंतर्गत रखा गया है.पिछले दिनों आपने अखबार में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू), अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय (एएमयू) आदि में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर आदि के लिए रिक्तियां देखी होंगी. यहां हम आपको विस्तार से जानकारी दे रहे हैं उन योग्यताओं के बारे में, जिन्हें हासिल कर आप विश्वविद्यालय, कॉलेज आदि में पढ़ाने के लिए अपनी सीट पक्की कर सकते हैं.

### एमफिल से मिलता है मौका

अगर आपका लक्ष्य तय है, तो आप मास्टर्स करने के बाद एमफिल यानी मास्टर्स ऑफ फिलॉस्फी के लिए आवेदन कर सकते हैं. मास्टर्स में 55 फीसदी अंक धारक इसके लिए आवेदन करने के योग्य होते हैं. मास्टर्स के बाद एमफिल करने का निर्णय लेना आपकी उम्मीदवारी के लिए एक बेहतर कदम जरूर साबित होगा. पीएचडी के बाद पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च आपके बायोडाटा में चार चांद लगाता है. अगर उम्मीदवार ने पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च कर लिया है, तो उसे कॉलेज, विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अलग से प्वॉइंट मिलते हैं, जिससे वह उस सीट का मजबूत दावेदार बन जाता है.

### पीएचडी दिलाये एक्स्ट्रा प्वॉइंट

यदि एकेडमिक्स की ओर जाना ही आपका लक्ष्य है, तो मास्टर्स करने के बाद खुद को अच्छे संस्थान से पीएचडी के लिए तैयार करें. इसके लिए आपको अपनी शोध-रुचि के मुताबिक किसी विषय का चयन करना होगा और खुद को पीएचडी के लिए इनरोल करवाना होगा. अकादमिक जगत में पीएचडी की डिग्री सबसे अहम है. असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए आवेदन करते समय इसके लिए अलग से प्वॉइंट निर्धारित किये जाते हैं. पीएचडी के बिना नौकरी मिलना मुश्किल है.

### रिसर्च और अध्यापन

अध्यापन ही आपका लक्ष्य है, तो बेहतर होगा कि अपनी उम्मीदवारी में प्वॉइंट्स की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार शोध से जुड़े रहें. शोध के क्षेत्र में सक्रियता आपको अपने क्षेत्र में अपडेट रखने के साथ ही ज्ञान के विस्तार में भी आपकी मदद करेगा.

### पब्लिकेशन पर दें ध्यान

बस इतना ही नहीं. एमफिल, पीएचडी, रिसर्च, पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च के दौरान किये गये शोध और नयी स्थापनाओं को आप पेपर के रूप में पब्लिश कराएं. किताब लिखना या किताब का कोई अध्याय लिखना भी आपको प्वाइंट दिलाता है. आपके कितने पेपर पब्लिश हुए हैं, प्वॉइंट सिस्टम में इसके भी प्वॉइंट्स मिलते हैं. अखबारों के लिए लिखे गये लेखों को भी प्वाइंट दिया जाता है. इसलिए अपने ज्ञान को न सिर्फ बढ़ाएं, बल्कि इसके अच्छे जगह से प्रकाशन पर भी ध्यान दें.

### कैसा है प्वॉइंट सिस्टम

प्वॉइंट सिस्टम को बेहतर ढंग से समझने के लिए आपके सामने एक उदाहरण प्रस्तुत है. दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में आपकी प्रोफाइल के साथ ही प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए प्वॉइंट सिस्टम लागू किया जाता है. असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए 100 प्वॉइंट्स अलग से दिये जाते हैं.

### कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए

एकेडेमिक क्वालिफिकेशन के लिए 55 प्वॉइंट दिये जाते हैं. इसमें अंडर ग्रेजुएट में 60 फीसदी या उससे कम पर 12 प्वॉइंट, पोस्ट ग्रेजुएशन में 60 फीसदी या उससे कम अंक पर 16 प्वॉइंट मिलते हैं. एमफिल के 10, पीएचडी के 17, नेट के लिए सात और नेट-जेआरएफ के 10 प्वॉइंट मिलते हैं.

रिसर्च पब्लिकेशन के लिए कुल 25 प्वॉइंट. रिसर्च पेपर या रिव्यू आर्टिकल या कांफरेंस प्रोसीडिंग के लिए तीन और एक, बुक्स ऑथरशिप के लिए छह, बुक्स एडिटिंग के लिए चार, किताबों में चैप्टर्स के लिए दो, बुक्स या आर्टिकल्स ट्रांसलेटेड और पब्लिश्ड के लिए दो या एक, बुक रिव्यू या पॉपुलर आर्टिकल या न्यूजपेपर आर्टिकल के लिए एक प्वॉइंट मिलता है. पोस्ट पीएचडी रिसर्च अनुभव / टीचिंग अनुभव के लिए अधिकतम 20 प्वॉइंट्स मिलते हैं.

### यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए

एकेडेमिक क्वालिफिकेशन के लिए 47 प्वॉइंट दिये जाते हैं. इसमें अंडर ग्रेजुएट में 60 फीसदी या उससे ज्यादा के लिए 10 प्वॉइंट, पोस्ट ग्रेजुएशन में 60 फीसदी या उससे ज्यादा अंक पर 15 प्वॉइंट मिलते हैं. एमफिल के पांच, पीएचडी के 17, नेट के लिए तीन और नेट-जेआरएफ के पांच मिलते हैं. अगर एमफिल और पीएचडी दोनों की है या इंटीग्रेटेड कोर्स के रूप में किया है, तो दोनों योग्यता के लिए कुल 17 प्वॉइंट दिये जायेंगे.

रिसर्च पब्लिकेशन के लिए कुल 33 प्वॉइंट्स मिलते हैं. रिसर्च पेपर या रिव्यू आर्टिकल या कांफरेंस प्रोसीडिंग के लिए पांच और दो, बुक्स ऑथरशिप के लिए आठ, बुक्स एडिटिंग के लिए छह, किताबों में चैप्टर्स के लिए चार, बुक्स या आर्टिकल्स ट्रांसलेटेड और पब्लिश्ड के लिए चार या दो, बुक रिव्यू या पॉपुलर आर्टिकल या न्यूजपेपर आर्टिकल के लिए दो प्वॉइंट्स मिलेंगे. पोस्ट पीएचडी रिसर्च अनुभव / टीचिंग अनुभव के लिए 20 प्वॉइंट्स मिलेंगे.

### क्या है न्यूनतम योग्यता

देश के किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर पढ़ाने के लिए मास्टर्स डिग्री में कम से कम 55 फीसदी अंकों का होना जरूरी होता है. (अनुसूचित जाति, जनजाति और विकलांग उम्मीदवारों के लिए 50 फीसदी) साथ ही यूजीसी/ सीएसआइआर द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट)/ राज्यों द्वारा आयोजित किये जानेवाले स्टेट लेवल एलिजिबिलिटी टेस्ट (स्लेट) / स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट फॉर लेक्चररशिप (सेट) पास होना भी आवश्यक है. असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए आवेदन करने के लिए मास्टर्स डिग्री के साथ 2009 रेग्युलेशंस के अनुसार पीएचडी धारक प्रतिभागियों को नेट / स्लेट / सेट से छूट (एग्जेंपशन) मिलती है.

# कैसे बनाए रखें अपनी नौकरी



**रोजगार के अवसरों में गिरावट और बीच में आई आर्थिक मंदी के कारण कंपनियों और उद्योगों ने अपने खर्चों में कटौती करनी शुरू कर दी है। यहां कुछ ऐसी ही जानकारी दी जा रही है, जिसे जानना आपको अपनी योजनाओं पर विचार करने में मदद करेगा।**

### नौकरियों में कटौती - एक बढ़ता चलन

**2,50,000-3,00,000**
नौकरियों में कमी आई, ऐसा 12,000 औद्योगिक इकाइयों को घाटे की संपत्ति घोषित करने के कारण हुआ। (2012-13 के इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार)

**50 लाख**
2005-2010 की पंचवर्षीय अवधि के दौरान नौकरियां गईं (योजना आयोग के मुताबिक)

**27,60,000**
2005-2010 की पंचवर्षीय अवधि के दौरान बढ़ी हुई नई नौकरियां (योजना आयोग के मुताबिक)

### कब करें नौकरी के बारे में चिंता

- अगर आपकी कंपनी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही हो, उसके उत्पाद और सेवाएं पसंद न किए जा रहे हों, आय और लाभ में भारी गिरावट आ गई हो तो नौकरी पर खतरा हो सकता है।
- अगर आप एक दिन में 8 घंटे व्यस्त नहीं रहते और आपके बॉस आपको काम की और जिम्मेदारी न दे रहे हों।
- आपके अधिकतर सहकर्मियों के वेतन में वृद्धि हो रही हो, पर आपको तरक्की या सामान्य बढ़ोतरी भी न मिल रही हो।
- अगर आपके बॉस आपको नजरअंदाज कर रहे हों और अच्छा काम करने पर बधाई देने की बजाय आपसे बात करने से बच रहे हों।

### अब आपको क्या करना चाहिए

- आप और बेहतर प्रदर्शन के लिए कमर कस लें, सिर्फ सौंपे हुए काम करने की बजाए दूसरे काम भी करें।
- या फिर नई जॉब ढूंढ़ना शुरू कर दें।



# अनुभव के बिना नौकरी पाने में हो सकती है कठिनाई

अच्छी नौकरी पाने के लिए छात्र प्रोफेशनल डिग्री पाने पर तो पूरा जोर देते हैं, लेकिन एक्सपीरियंस हासिल करने के लिए वे ज्यादा मशक्कत नहीं करते. जबकि इन दिनों कंपनियां ऐसे ही कर्मचारियों को नौकरी पर रखना पसंद कर रही हैं, जिनके पास डिग्री के साथ काम का अच्छा अनुभव भी हो.

यूं तो पहले भी कंपनियां नौकरी देने के मामले में अनुभवी कर्मचारियों को प्राथमिकता देती रही हैं, लेकिन अब कंपनियों के लिए आवेदक का कार्यानुभव उसकी डिग्री से भी ज्यादा मायने रखने लगा है.

बिजनेस स्कूलों के एसोसिएशन ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन काउंसिल (जीएमएसी) द्वारा हाल में कराये गये एक सर्वे में यह बात सामने आयी है कि एक्सपीरियंस और इंडस्ट्री एक्सपोजर की कमी के चलते इस वर्ष देश के कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट्स को नौकरी नहीं मिल सकी है. सर्वे में पाया गया कि 2013 में भारत के जिन मैनेजमेंट ग्रेजुएट्स को नौकरी नहीं मिली, उसकी बड़ी वजह इंडस्ट्री एक्सपोजर की कमी रही. तकरीबन 47 फीसदी ग्रेजुएट्स को इस वजह से जॉब नहीं मिल पायी, जबकि 29 फीसदी ने कम वेतन के चलते नौकरी ठुकरा दी. 29 फीसदी ग्रेजुएट्स के लिए जॉब नहीं मिलने का कारण आवश्यकता से ज्यादा क्वालिफाइड होना रहा. इस सर्वे में दुनिया के 129 बिजनेस स्कूलों के कुल 915 छात्रों को शामिल किया गया. इनमें अमेरिका के 433, भारत के 129, लैटिन अमेरिका के 109, बाकी एशिया से 96, ऑस्ट्रेलिया से 89, कनाडा से 25 और मिडिल इस्ट/अफ्रीका रीजन के 20 पूर्व एमबीए छात्रों को शामिल किया गया. ग्लोबल लेवल पर इस साल एमबीए और अन्य मास्टर डिग्री वालों के लिए रोजगार मिलने का ट्रेंड पिछले पांच वर्षों के औसतन हिसाब से बेहतर रहा. कुल मिला कर इस वर्ष तकरीबन 90 फीसदी एमबीए छात्रों को जॉब मिलने में सफलता हाथ लगी. हालांकि, पिछले साल यानी 2012 में तकरीबन 92 फीसदी छात्रों को जॉब मिली थी. हालांकि, पांच वर्ष पहले यह आंकड़ा तकरीबन 84 फीसदी था. इस वर्ष यानी 2013 के क्लास के जॉब आंकड़े अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग रहे. सर्वे में शामिल 95 फीसदी अमेरिकी छात्रों को जॉब मिल गयी, जबकि लैटिन अमेरिका में यह आंकड़ा 87 फीसदी रहा. भारत में 87 फीसदी, यूरोप में 82 फीसदी और एशिया के बाकी देशों में 85 फीसदी छात्र जॉब पाने में सफल हुए. सर्वे के वक्त 2013 में पास होनेवाले 10 फीसदी छात्र बेरोजगार थे, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा आठ फीसदी था. सर्वे में शामिल तीन चौथाई (74 फीसदी) छात्रों का कहना था कि उन्होंने अगर एमबीए नहीं किया होता, तो उन्हें जॉब नहीं मिलती.

# सहकर्मियों के साथ रिश्ते बेहतर करें

किसी भी व्यक्ति या स्थिति को समझने, विवाद को हल करने तथा विश्वास एवं भरोसे का वातावरण तैयार करने के लिए दूसरे व्यक्ति के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करना महत्वपूर्ण होता है। पेश हैं कुछ टिप्स जिनकी सहायता से आप कार्यस्थल पर संवाद बेहतर करके सहकर्मियों के साथ अपने रिश्ते बेहतर कर सकते हैं।

### श्रोताओं को जानें

अपने सहकर्मियों की गतिविधियों को देखें तथा बातचीत करने के उनके ढंग को समझने की कोशिश करें। इससे आप उनसे बेहतर ढंग से संवाद स्थापित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए जहां कोई सहकर्मी हमेशा मुद्दे की बात करना पसंद करता हो वहीं किसी अन्य को इस तरह की बातचीत में रूखापन महसूस हो सकता है। ऐसा नहीं है कि आपको अपने सहकर्मियों के हिसाब से अपने को बदलते रहना चाहिए लेकिन उनकी आदतों को समझ कर आप उनके साथ बेहतर ढंग से काम कर सकते हैं।

### सही माध्यम का इस्तेमाल करें

बेशक कोई छोटा संदेश शीघ्र पहुंचाने के लिए ई-मेल ही काफी होती है परंतु जिन विषयों में काफी कुछ समझाना हो या आपस में विचार सांझे करने हों तो इसके लिए बैठक करना या फोन पर बात करना जरूरी हो जाता है। यदि कोई जरूरी नियम या किसी करार के बारे में बात हो तो बातचीत के बाद इस संबंध में लिखित जानकारी भी मुहैया करवा देनी चाहिए ताकि गलती की या किसी संदेश को गलत समझ लेने की भूल न हो।

### स्पष्ट बात करें

अपने सहकर्मी को आप जो बात बताना चाहते हैं वह स्पष्ट, सटीक तथा पूरी होनी चाहिए। सहकर्मियों के बीच संवाद का मकसद कार्य को स्थिर गति से आगे बढ़ाना होता है। ऐसे में आपके संवाद में स्पष्टता बहुत महत्वपूर्ण है। चाहे संवाद लिखित या मौखिक हों आप जो संदेश सामने वाले को देना चाहते हैं वह उसे आसानी से समझ आ जाना चाहिए।

### सजग रहें

बातचीत के दौरान गैर-मौखिक संकेतों पर भी गौर करें। सामने वाले के हाव-भाव कैसे हैं, इसके अलावा आपको बातचीत के दौरान अपने हावभाव का भी ध्यान रखना होगा। आंखों से आंखें मिलाकर बातचीत करें। सामने वाले की बात सुनते हुए बीच-बीच में सिर हिलाकर संकेत दिया जा सकता है कि आप उनकी बात को गौर से सुन रहे हैं। ई-मेल भेजने से पहले एक बार गौर से जो लिखा हो, उसे अवश्य पढ़ें ताकि किसी प्रकार की कोई गलती न चली जाए। फोन पर बात करते हुए ई-मेल टाईप न करें।

### सामने वाले की भी सुनें

एक अच्छा संवाद स्थापित करने के लिए जरूरी है कि आप अपनी ही न कहते रहें बल्कि सामने वाले की बात भी सुनें और समझें। केवल इसी बात पर अपना ध्यान न केंद्रित रखें कि आपने क्या और कैसे कहना है, सामने वाले की बात को सुनना तथा समझना भी आवश्यक है।

### अक्सर बातचीत करें

किसी बड़ी परियोजना पर कार्य करते हुए काफी समय लग सकता है ऐसे में नियमित अंतराल पर बैठकें आयोजित करना बेहतर होगा। समय-समय पर आपस में बातचीत करके परियोजना को बेहतर ढंग से अंजाम दिया जा सकता है इससे गलतफहमियां भी जल्द दूर हो सकती हैं।



Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# 25 जनवरी तक जिला में होगा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन



Faridabad/Alive News

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि देशभर के जिलों में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकारों के सहयोग से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आगामी 25 जनवरी तक किया जाएगा। जिसके माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाएगा। एडीसी आनंद शर्मा ने आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर संबंधित विभागों की बैठक में अधिकारीयों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रचार वाहन उपलब्ध करवाए जाएँगे। जो जिला में गाँव-गाँव व शहर के वार्डों में जाकर आमजन को केंद्र व प्रदेश की नीतियों से रूबरू करवाएँगे। उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी रखें। शहरी क्षेत्र में इस कार्य की मॉनिटरिंग निगम आयुक्त करेंगे व ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला परिषद द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि गांव तथा शहरों के वार्डों का कलस्तर व रूट बनाकर जन भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित की जाए। जिस स्थान पर प्रचार वाहन जाए, वहां मौके पर ही स्वास्थ्य जांच, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, अंत्योदय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना आदि का लाभ मौके पर मौजूद पात्र व्यक्तियों को देना सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि जहां पर भी केंद्र सरकार की ओर से भेजा गया प्रचार वाहन पहुंचें, वहां पर उसका स्वागत किया जाए। उसके बाद प्रधानमंत्री का संदेश प्रेषित होगा और उपस्थित लोगों से विकसित भारत का संकल्प भी लिया जाएगा। प्रदेश व केंद्र की योजना के लाभ पात्रों को भी वहां पर बुलाया जाए। व केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति उनके अनुभव के बारे में चर्चा कर लोगों को जागरूक व प्रेरित किया जाए। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त शिखा, नगराधीश हरी राम, जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेआरसी सदस्यों ने पेंटिंग से दर्शाया शिक्षा का महत्व

Faridabad/Alive News

गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और स्काउट्स गाइड्स द्वारा पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत के पहले शिक्षा मंत्री और विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों व नियामकों के संस्थापकों में से एक मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा में योगदान की स्मृति में उनकी जयंती पर मनाया जाता है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि उन्होंने देश में उच्च शिक्षा के मुख्य नियामकों व संस्थानों जैसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ए आइ सी टी ई, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यू जी सी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आइ आइ टी सहित अन्य नियामकों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मौलाना आजाद ने कई संस्थानों की स्थापना की जिनमें ललित कला अकादमी, संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी सम्मिलित हैं। इस बार राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2023 की थीम नवाचार को अपनाना रखा गया है। यह थीम पढ़ने पढ़ाने के लिए क्रिएटिव, अध्यापन के एडवांस तरीकों को प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल डालता है। विषय पाठ्यक्रम बदलना और शिक्षा में नवाचार और



अन्वेषण को सम्मिलित करने को महत्व दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय प्रत्येक वर्ष एक अलग फोकस क्षेत्र निर्धारित करता है। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा हमें संस्कारवान, चरित्रवान बनने तथा सद्गुणों को आत्मसात करने के पथ पर अग्रसर करती है तथा हमें अधिक उत्तरदायित्व लेने के सक्षम बनाती है। मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को शिक्षा दिवस के रूप में मनाए जाने का शुभारंभ वर्ष 2008 से किया गया।

उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान आई आई एस सी बैंगलोर की स्थापना पर बल दिया। पहले भारतीय शिक्षा मंत्री के रूप में आजाद का मुख्य ध्यान स्वतंत्रता के बाद के भारत में ग्रामीण निर्धनों और लड़कियों को शिक्षित करना था। शिक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने वयस्क साक्षरता 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य, सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा, और माध्यमिक शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर दिया। विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आयोजित पेटिंग प्रतियोगिता में करिश्मा, डिंपल और राधिका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय घोषित किया गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सहयोगी अध्यापकों गीता, धर्मपाल शास्त्री, सुशीला, ममता, जितेंद्र गोगिया, हिमानी तथा सभी प्रतिभागिता कर रहे छात्र, छात्राओं तथा विजेताओं का स्वागत और अभिनंदन किया तथा सभी अध्यापकों से आह्वान किया कि सभी छात्र छात्राओं को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दें।

# स्वामी दयानंद सरस्वती ने जीवन पर्यंत सुधारात्मक कार्य किए : आर्यवेश

Faridabad/Alive News

स्वामी दयानंद सरस्वती ने देश और समाज के लिए जीवन पर्यंत सुधारात्मक कार्य किए ताकि लोग देश में फैली विकृतियों से ऊपर उठकर समाज उत्थान में अपना योगदान दे सके। यह बात स्वामी आर्यवेश ने आर्य समाज सैक्टर-19 के 66वें वार्षिकोत्सव पर केंद्रीय आर्य सभा के प्रधान महेश चंद, अशोक आर्य, ओ.पी. वधवा द्वारा अनाज मंडी ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित पारिवारिक सत्संग समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश आज स्वामी दयानंद जी की 200वीं जन्मशताब्दी मना रहा है और यह देश, प्रदेश में ही नहीं विदेशों में भी इस शताब्दी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। स्वामी आर्यवेश ने आर्य समाज के लोगों का आह्वान किया कि अब आवश्यकता है आर्य समाज के भवनों से निकलकर लोगों के बीच जाकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करें



ताकि कुछ लोगों द्वारा समाज में फैलाए जा रहे भ्रमित प्रचार को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने हमेशा समाज कल्याण के लिए कार्य किया है और यही नहीं जब-जब देश को कुर्बानियों की आवश्यकता पड़ी है आर्य समाजियों ने आगे बढक़र देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने के लिए भी आगे रहे हैं। कार्यक्रम में आर्य समाज सैक्टर-19 के प्रधान डा. गजराज ड्क्षसह आर्य ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। वहीं इंदौर से आए डाक्टर नरेंद्र अग्रोहत्री ने अपने प्रवचन में सत्य पर चलने के लिए आह्वान किया। हरिद्वार से पधारी बहन निकिता आर्या और मोहनी आर्या ने यज्ञ पर सुंदर भजन सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रकाशानंद, एडवोकेट पीके मित्तल, महेश अग्रवाल, अशोक कालिया, ओ.पी. वधवा, प्रेम शर्मा, नरेंद्र शर्मा, विमला ग्रोवर, विमला सचदेव, शांता अग्रवाल, निवर्तमान पार्षद सुभाष आहुजा, परविंद्र मल्होत्रा, रवि तनेजा, सुरेश आर्य सहित शहर के अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# सीनियर श्रीराम स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिकोत्सव

Faridabad/Alive News

जवाहर कॉलोनी 60 फीट रोड स्थित सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया और यूनिक रिकॉर्डिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर जगदीप ग्रोवर तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिक्षाविद आर. के शर्मा, शिक्षाविद निशा मलिक पहुंची। समारोह की शुरुआत अतिथि के दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई। समारोह में कक्षा नर्सरी से 9वीं के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, वेलकम सॉन्ग, कविता, थीम ऑफ फ्लावर, स्वागत सॉन्ग, थीम ऑफ ग्रैंड फादर, जोकर, योगा, थीम ऑफ हैप्पी, एजुकेशन एकेडमिक बोथ इंपोर्टेंट, चाइल्ड लेबर, इंडिया वाले, थीम ऑफ पेरेंट्स, एनिमल क्रुएल्टी और गॉड इज वन की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की प्रस्तुति को अतिथि और अभिभावकों ने खूब सराहना की। इस बीच विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमृता ज्योति ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य 'हर घर ध्यान, हर घर ज्ञान और हर घर शक्ति' की सोच को आगे बढ़ाना है। इसके अलावा विद्यार्थियों को ड्रग्स के दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। आज के बच्चे भविष्य में देश के नागरिक बनेंगे और देश की तरक्की में योगदान देंगे। ऐसे में बच्चों के अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना बेहद जरूरी है तभी देश आगे



बढ़ेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक भी किया गया। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमृता ज्योति, डायरेक्टर गुरप्रीत कौर और प्रिंसिपल विक्रम सिंह राठौर ने समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत शोल और बुके भेट कर किया।

# डीएवी स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की तैयारियों का लिया जायजा

Faridabad/Alive News

सेक्टर-30 स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित की जाने वाली सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के तीसरे राउंड की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली रोड़ सेफ्टी क्विज कंपीटीशन का तीसरा राउंड 17 नवंबर 2023 को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सेक्टर 30 के प्रांगण में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। यह क्विज कंपीटीशन एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के कोर्डिनेशन में आयोजित की जाएगी। इसके लिए आज सीएम फ्लाइंग के डीएसपी मनीष सहगल तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने स्कूल की तैयारी की समीक्षा की तथा क्विज मास्टर को प्रतियोगिता के बारे में विशेष दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएचओ ट्रैफिक सतीश कुमार तथा स्कूल प्राचार्य श्रीमती हेमा अरोड़ा अपनी टीम के साथ मौजूद रही। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाकर यात्रियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना है। सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। छात्रों को जागरूक करने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएगी और फरीदाबाद पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए इसी प्रकार प्रयासरत रहेगी। उन्होंने बताया कि इस क्विज कंपीटीशन का पहला राउंड 13 अक्टूबर 2023 को सफलतापूर्वक पूरा करवाया गया था जिसमें फरीदाबाद के 1590 स्कूल से आए 5,57,500 छात्रों ने हिस्सा लिया



था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए चार लेवल बनाये गये थे, जिसमें पहला लेवल कक्षा तीसरी से पांचवी, दूसरा लेवल कक्षा छटी से ऑठवी, तीसरा लेवल कक्षा नौवी से बारवीं तथा चौथा लेवल सभी कॉलेज के छात्रों के लिए था। पहले राउंड में हर स्कूल के हर लेवल में फर्स्ट आने वाले तीन छात्रों को दूसरे राउंड की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया जिनकी संख्या 8470 रही।

# जीवा में वार्षिक खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ



Faridabad/Alive News

सेक्टर-21 के जीवा पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के लगभग सभी छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर छात्रों ने बड़े ही सुंदर ढंग से अपने-अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम जीवा स्कूल के बैंड ग्रुप ने सभी मैनेजमेंट के सदस्यों का स्वागत किया। विद्यालय के मैनेजमेंट के सभी सदस्यों को कैप पहनाया गया। इसके बाद छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी। विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने सभी छात्रों को खेल भावना से खेलने और सभी नियमों का पालन करने के लिए शपथ ग्रहण करवाई और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। छात्रों ने स्वस्थ रहने के विभिन्न तरीकें बताए उन्होंने हुलाहूप व जुंबा भी किया। इसके साथ साथ छात्रों ने विभिन्न नृत्य क्रियाओं को व्यायाम के माध्यम से प्रस्तुत किया। सभी सदनों के चुने गए छात्रों ने मार्चपास्ट किया। अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने ग्रांउड में दौड़ लगाकर टॉर्च वियरर के रूप में कार्यक्रम के शुभारंभ का संदेश दिया एवं बास्केटबॉल कोर्ट में रिबन की कटिंग कर आज के बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बैलून रीलिज़ किए गए। जजों ने सभी सदनों के प्रतिभागियों से भी बात की व कुछ प्रश्न भी पूछे एवं उन्हें शुभकानाएँ दी। सभी सदन के छात्रों ने मार्चपास्ट किया एवं सामाजिक संदेश भी दिए। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि एवं जागरूकता उत्पन्न करना व स्वस्थ रहने के विषय में सिखाना है। जीवा स्कूल में चार सदन है, इन चार सदनों में पिछ्ले एक सप्ताह से ही अलग अलग चरणों में विभिन्न खेलों के मैच प्रतियोगिताएँ रखी गई, जिनमें मुख्य रूप से बास्केटबॉल, टेबलटैनिस, बैडमिंटन, चैस, आर्चरी विभिन्न प्रकार के रेस इत्यादि शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, अत~ अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा ही कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने भी सक्रिय रूप से बच्चों के साथ सभी कार्यकर्मों में भाग लिया व उनका उत्साह बढ़ाया।

# स्मार्ट सिटी की सुंदरता को दाग लगा रही गंदगी, अधिकारी बेपरवाह

Faridabad/Alive News

स्मार्ट सिटी में इन दिनों जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। जिससे आम लोगों को बेहद परेशानी हो रही है। आरोप है कि बेपरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के कारण शहर में सफाई व्यवस्था लचर हो गई है, साफ-सफाई और कूड़ा उठान नहीं होने से गंदगी का आलम है, हालात इस कदर खराब हो गये हैं कि गंदगी बीमारी का कारण बनने लगी है। इन दिनों शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी पसरी हुई है। पिछ्ले दिनों से धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के कारण साफ-सफाई का काम चौपट हो गया है। लोगों की मानें तो इकोग्रीन की गाड़ियां कूड़ा-उठान के लिए प्रतिदिन नहीं पहुंच रही हैं, जिससे हालात ज्यादा खराब हो रहे हैं। सड़कों और चौक-चौराहों पर लगे कूड़े के ढ़ेर में भोजन की तलाश कर रहे गौवंश से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। लोगों की मानें तो कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

**गंदगी के बीच मनाया दीपोत्सव**



सेक्टर-21 डी आरडब्ल्यूए प्रधान राकेश खन्ना ने बताया कि सेक्टर की गिनती शहर के सबसे पॉश एरिया में की जाती है, लेकिन इन दिनों सेक्टर में गंदगी और कूड़े के ढ़ेर लगे हुए हैं। इस गंदगी के बीच हिंदू धर्म के सबसे बड़े त्यौहार दीपोत्सव को मनाया गया। इसके अलावा सेक्टर-8 आरडब्ल्यूए प्रधान शिव सिंह मलिक ने बताया कि शहर की स्थिति को देखकर लग रहा है जैसे अधिकारियों ने काम करना बंद कर दिया है। नगर निगम अधिकारियों से लिखित में समस्या के समाधान की मांग की जा चुकी है, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं हो रहा है।

**इन हिस्सों में सबसे ज्यादा है दिक्कत**

वैसे तो इन दिनों पूरे शहर के हालात खराब दिखाई दे रहे हैं, लेकिन सेक्टर 22 नजदीक पेट्रोल पंप, सेक्टर-21, 22, संजय कॉलोनी, जीवन नगर पार्ट-1, नंगला एनक्लेव, जवाहर कॉलोनी, मुजेसर, सारन, सेक्टर-18, सेक्टर-49, सेक्टर-37, सेक्टर-55, एनआइटी-5 सहित अलग-अलग हिस्सों गंदगी का आलम है।

**निगमायुक्त ने जताई नाराजगी**

शहर के बिगड़ते हालात को देखते हुए बृहस्पतिवार को निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास ने शहर के अलग-अलग हिस्सों का दौरा किया। कूड़े के ढ़ेर और गंदगी को देखते हुए निगम आयुक्त के नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को जल्द समस्या के समाधान के आदेश दिये। कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद निगमायुक्त के आदेश के बाद लोगों को गंदगी से छुटकारा मिलेगा।

# आगामी 10 दिसंबर तक जिला में बाल श्रम मुक्ति अभियान चलाया जाएगा-एडीसी



Faridabad/Alive News

अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा की अध्यक्षता आज शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित एडीसी कार्यालय में डिस्ट्रीक्ट टास्क फोर्स व बाउंडेड लेबर कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने जानकरी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा 20 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक पूरे देश में चाइल्ड लेबर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा। उन्होंने श्रम विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सीडब्ल्यूसी, फ़ूड एण्ड सप्लाई विभाग, एएचटीयू सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों को आदेश दिये कि 20 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक पूरे जिले में फैक्ट्रियों, होटलों, ढाबों, वर्कशॉपों, ईंट भट्ठे, क्रेशर जोन, मार्केटों में चाइल्ड लेबर रेस्क्यू अभियान चलायें तथा दोषी पाए जाने पर संस्थाओं के खिलाफ सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर कानून अनुसार कार्यवाही करके रिपोर्ट उनके कार्यालय में भेजे। जिससे जिला फरीदाबाद को बाल श्रम से मुक्त करने का संकल्प पूरा किया जा सके।उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि बाल श्रम से पीड़ित बच्चे जिनके जरूरी कागजात जैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड नहीं हैं, उनके काग़ज़ात बनाकर उन्हें उपलब्ध कराने में उनका सहयोग करें।

# एसआरएस पर्ल फ्लोर आरडब्ल्यूए चुनाव में ओ.पी. मिश्रा गुट की बम्पर जीत

Faridabad/Alive News

एसआरएस पर्ल फ्लोर रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में प्रैसीडेंट ओ.पी. मिश्रा ग्रुप ने पूर्व प्रैसीडेंट सुभाष नरवाल ग्रुप पर क्लीन स्वीप कर बम्पर जीत हासिल की। सुभाष नरवाल ग्रुप में से सिर्फ एक एग्जीक्यूटिव मैम्बर ही किसी तरह जीत दर्ज कर पाया। जबकि बाकी सभी पदों पर ओ.पी. मिश्रा ग्रुप ने जीत हासिल की। पर्ल फ्लोर रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के लिए कराए गए चुनाव में कुल 425 वोटर में से 372 वोटर्स ने अपने मत का प्रयोग किया। जिस हिसाब से ओ.पी. मिश्रा ग्रुप ने जीत हासिल की उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि परलियन सुभाष नरवाल ग्रुप को क्लीन स्वीप करने का पहले ही मूड़ बनाए बैठे थे। प्रधान पद के उम्मीदवार ओ.पी. मिश्रा ने 189 मत हासिल कर नरवाल ग्रुप के प्रधान पद के उम्मीदवार गोपाल मिश्रा को 10 मतों के अन्तर से हरा दिया। जबकि सीनियर वाईस प्रैसीडेंट पद के उम्मीदवार नेत्रपाल सिंह ने राजेश शर्मा को 53 मतों के अन्तर से हरा दिया। वाइस प्रैसीडेंट पद के उम्मीदवार शैलेन्द्र मिश्रा ने शैलेन्द्र सिंह को 56 मतों के अन्तर से हराया। वहीं महासचिव पद के उम्मीदवार प्रवीन शर्मा ने विवेक कुमार राय को 78 मतों के भारी भरकम मतों के अन्तर से हराया। वाइस जरनल सैकेट्री पद के उम्मीदवार चरण सिंह ने संजय कुमार को 57 मतों के अन्तर से हराया तो संयुक्त-सचिव पद के उम्मीदवार अमित मिश्रा ने गोपेश शर्मा को 51 मतों के अन्तर से हराया। डिप्टी सैकेट्री पद पर महासंग्राम रहा। वहां भी गणेश मिश्रा ने पीके मालवीय को 2 मतों के मामूली अन्तर से हरा दिया। कोषाध्यक्ष पद पर राजीव रोहिल्ला ने केशव झा पर 9 मतों के अन्तर से जीत हासिल की, तो संयुक्त कोषाध्यक्ष पद पर ओ.पी. मिश्रा गुट के सत्यप्रकाश ने मृत्युजंय सिंह पद 55 मतों से जीत हासिल की। एग्जीक्यूटिव मैम्बर पद पर सबसे बड़ी जीत चंदन शर्मा ने 219 मत हासिल कर दर्ज की। सुभाष नरवाल ग्रुप की अर्चना गौड़ ही एकमात्र ऐसी प्रत्याशी रही जो किसी तरह जीत हासिल करने में कामयाब रही।

# स्कूली बच्चों के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा, विजेताओं को मिलेंगे इनाम

Faridabad/Alive News

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि देश सहित पूरे प्रदेश में आगामी 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला उपायुक्त यात्रा के ओवरऑल होंगे तथा अतिरिक्त उपायुक्त यात्रा के नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। सभी फील्ड अधिकारी इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। यात्रा में युवाओं व स्कूली विधार्थियों की भागीदारी के लिए विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए तथा विजेताओं को इनाम या पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाए। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने आज सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रदेश के जिला उपायुक्तों व नोडल तथा



फील्ड अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए यह बात कही।

बैठक में उपायुक्त विक्रम सिंह ने मुख्य सचिव संजीव कौशल को जानकारी देते हुए बताया कि जिला फरीदाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 22 नवंबर से किया जाएगा तथा यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी अधिकारीयों को ड्यूटी लगा दिया गया है। यात्रा में विभिन्न विभागों जैसे आयुष, हेल्थ, शिक्षा, क्रिड, समाज कल्याण आदि द्वारा आमजन की सुविधा के लिए कैम्प भी लगाए जाएँगे। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विकसित भारत थीम पर स्कूली बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। जिससे कि युवा वर्ग की भागीदारी भी इस यात्रा में सुनिश्चित की जा सके। यात्रा के माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रचार वाहन उपलब्ध करवाए जाएँगे। जो जिला में गाँव-गाँव व शहर के वार्डों में जाकर आमजन को केंद्र व प्रदेश की नीतियों से रूबरू करवाएँगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक उपस्थित अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी रखें। शहरी क्षेत्र में इस कार्य की मॉनिटरिंग निगम आयुक्त करेंगे व ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला परिषद द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे।उन्होंने आगे कहा कि गांव तथा शहरों के वार्डों का कलस्तर व रूट बना दिया गया है। जिस स्थान पर प्रचार वाहन जाए, वहां मौके पर ही स्वास्थ्य जांच, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, अंत्योदय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना आदि का लाभ मौके पर मौजूद पात्र व्यक्तियों को देना सुनिश्चित करें।

एडीसी ने कहा कि जहां पर भी केंद्र सरकार की ओर से भेजा गया प्रचार वाहन पहुंचें, वहां पर उसका स्वागत किया जाए। उसके बाद प्रधानमंत्री का संदेश प्रेषित होगा और उपस्थित लोगों से विकसित भारत का संकल्प भी लिया जाएगा। प्रदेश व केंद्र की योजना के लाभ पात्रों को भी वहां पर बुलाया जाए। व केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति उनके अनुभव के बारे में चर्चा कर लोगों को जागरूक व प्रेरित किया जाए। बैठक में एडीसी आनंद शर्मा, एसडीएम बड़खल अमित मान, जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# Editorial

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# फॉसिल फ्यूल उत्पादकों को गहराते जलवायु संकट में बनना होगा समाधान का हिस्सा



तिलक राज शर्मा

आईईए के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, आज की नीतिगत व्यवस्था के तहत भी, तेल और गैस दोनों की वैश्विक मांग 2030 तक पीक पर पहुंच जाएगी। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए और मजबूत कदम का मतलब दोनों ईंधनों की मांग में गिरावट लाना वाजिब है। ग्लोबल वार्मिंग को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को पहुंच के भीतर बनाए रखने के लिए सदी के मध्य तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन तक पहुंचने की राह में 2050 तक तेल और गैस के उपयोग में 75 प्रतिशत से ज्यादा कटौती करनी होगी।

अगर सभी देश अपनी राष्ट्रीय ऊर्जा और जलवायु संबंधी प्रतिज्ञाओं को पूर्ण रूप से पूरा करती हैं, तो 2050 तक तेल, गैस की मांग आज के मुक़ाबले 45 प्रतिशत कम हो जाएगी। वर्तमान में ग्लोबल स्तर पर क्लीन एनर्जी निवेश में केवल 1 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखती हैं – और इसका 60 प्रतिशत सिर्फ चार कंपनियों से आता है। आईईए के कार्यकारी निदेशक फ़ातिह बिरोल ने कहा, दुबई में सीओपी28 में तेल, गैस उद्योग को इस भ्रम से छुटकारा पाना कि बड़ी मात्रा में कार्बन कैप्चर ही समाधान है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक टेक,गैस कंपनी को एनर्जी ट्रांज़िशन का हिस्सा बनते हुए अपने उत्सर्जन को कम करने की योजना शामिल होनी चाहिए।

तेल और गैस के उत्पादन, परिवहन और प्रसंस्करण से ग्लोबल ग्रीनहाउस एमिशन का लगभग 15 प्रतिशत उत्सर्जित होता है ङ्क जो संयुक्त राज्य अमेरिका के सभी ऊर्जा-संबंधी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के बराबर है।

ऐसे में ग्लोबल वामरिंग को पेरिस समझौते के हिसाब से डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए तेल,गैस कंपनियों को अपने अपने उत्सर्जन में 2030 तक 60न्न कटौती के दरकार है।

सबसे ज़्यादा उत्सर्जन वाले तेल, गैस उत्पादकों अगर ऐसा करते हैं तो ग्लोबल वार्मिंग में सुधारहोने की अपार संभावनाएं नज़र आती है। इसके अलावा, मीथेन ङ्क जो तेल और गैस परिचालन के कुल उत्सर्जन का आधा हिस्सा है ङ्क से उत्सर्जन को कम करने की रणनीतियाँ जानी-मानी हैं और आमतौर पर कम खर्च पर अपनाई जा सकती हैं।

फ़िलहाल हर साल तेल, गैस क्षेत्र में 800 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाता है, जो 2030 में वार्मिंग को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की राह पर होने की आवश्यकता से दोगुना है।

नेट ज़ीरो के ट्रांज़िशन में, वक़्त के साथ तेल, गैस ग़ैर फ़ायदेमंद और जोखिम भरा व्यवसाय बनने के लिए सेट है।

रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चलता है कि अगर सभी राष्ट्रीय ऊर्जा और जलवायु लक्ष्य हासिल कर लिए जाते हैं, तो निजी तेल और गैस कंपनियों का मौजूदा मूल्यांकन आज के 6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 25 प्रतिशत तक गिर सकता है, और अगर दुनिया ग्लोबल वार्मिंग को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए ट्रैक पर आ जाती है, तो 60न्न तक गिर सकती है। साल 2050 में डीकार्बोनाइज्ड ऊर्जा प्रणाली में खपत होने वाली ऊर्जा का लगभग 30 प्रतिशत उन प्रौद्योगिकियों से आता है जो तेल गैस उद्योग के संसाधनों में से हैं जिनमें हाइड्रोजन, कार्बन कैप्चर, अपतटीय पवन और तरल जैव ईंधन शामिल हैं। तेल और गैस उद्योग ने 2022 में स्वच्छ ऊर्जा में लगभग 20 बिलियन अमरीकी डालर का निवेश किया, जो इसके कुल पूंजीगत व्यय का लगभग 2.5 प्रतिशत है।

अब तेल गैस उद्योग को 2030 तक अपने पूंजीगत व्यय का 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में लगाने की आवश्यकता है ।

रिपोर्ट में यह भी नोट किया गया है कि कार्बन कैप्चर, जो वर्तमान में यदि तेल और प्राकृतिक गैस की खपत आज के नीतिगत स्थिति के अनुसार विकसित होती है, तो ग्लोबल वार्मिंग को डेढ़डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए 2050 तक इस्तेमाल या भंडारण के लिए की बेहद अकल्पनीय 32 अरब टन कार्बन कैप्चर करने की आवश्यकता होगी। जिसको पावर करने के लिए आवश्यक बिजली की मात्रा आज पूरी दुनिया की बिजली की मांग से अधिक होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं अलाइव न्यूज के मुख्य संपादक है।)

## सोशल मीडिया से...



दुनिया एक परिवार है। हम सभी को आर्य यानी एक संस्कृति बनाएंगे। हालांकि, संस्कृति शब्द काफी नहीं है, एक बेहतर दुनिया के लिए मुझे संस्कृति कहना होगा। अनुशासन का पालन करने के लिए भारत के सभी संप्रदायों को शुद्ध करने की जरूरत है।

**मोहन भागवत,** आरएसएस प्रमुख



आजादी के बाद मथुरा, अयोध्या और काशी को जो महत्व मिलना चाहिए था वह दुर्भाग्य से नहीं मिला। आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता को नहीं त्याग सके। लाल किले से पंच प्रयाण का संकल्प लिया है। विरासत को संभाल रहे।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक योद्धा हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपनी टिप्पणी के संबंध में चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी नोटिस का ईमानदार और सम्मानजनक जवाब देंगे।

**सुप्रिया सुले,** सांसद



पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद वे हरियाणा की सभी दस लोकसभा क्षेत्रों में यात्राएं निकालेगी जिसके लिए हर नेता को निमंत्रण दिया जाएगा। राहुल गांधी के संदेश को सभी 90 हलकों की जनता तक पहुंचाया जाएगा।

**कुमारी सैलजा,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

## आज का कार्टून

ओवैसी के बयान पर असम सीएम ने कहा यहां बोला होता तो पांच मिनट में ठीक कर देते




# बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण, अब पूरे देश में इसकी होगी होड़!

बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का कानून लागू हो गया है। छत्तीसगढ़ और झारखंड से उलट बिहार में राज्यपाल ने आरक्षण बढ़ाने के लिए विधानसभा से पास किए गए कानून को मंजूरी दे दी है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 18 नवंबर को शिक्षण संस्थाओं और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा बढ़ाने के दो विधेयकों को मंजूरी दी और राज्य सरकार ने 21 नवंबर को इसकी गजट अधिसूचना जारी करके इसे लागू करने का ऐलान कर दिया। इस कानून के लागू होने के बाद बिहार में आरक्षण की सीमा 75 फीसदी हो गई है। इसमें 65 फीसदी आरक्षण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति और अत्यंत पिछड़ी जातियों का है और 10 फीसदी आरक्षण आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण जातियों के लिए है, जिसे संविधान में एक संशोधन के जरिए केंद्र सरकार ने लागू किया है। राज्य सरकार ने 10 फीसदी ईडब्लुएस आरक्षण को जस का तस रखा है।

**अजीत द्विवेदी**

बिहार सरकार ने आरक्षण में 15 फीसदी का इजाफा करते हुए एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी के आरक्षण को 50 से बढ़ा कर 65 फीसदी कर दिया है। इसमें पिछड़ी जातियों का आरक्षण 12 से बढ़ा कर 18 फीसदी, अत्यंत पिछड़ी जातियों का आरक्षण 18 से बढ़ा कर 25 फीसदी, एससी का 19 से बढ़ा कर 20 और एसटी का एक से बढ़ा कर दो फीसदी किया गया है। आरक्षण की सीमा बढ़ाने से पहले राज्य सरकार ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया, जिसे आम बोलचाल की भाषा में जाति गणना कहा गया। हाई कोर्ट की ओर से लगाई गई रोक हटाए जाने के बाद राज्य सरकार ने गणना का काम पूरा कराया और दो चरणों में उसके आंकड़े पेश किए। पहले दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के दिन जातियों के आंकड़े जारी किए और फिर सात नवंबर को शीतकालीन सत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास के आंकड़े पेश किए। इसके दो दिन बाद नौ नवंबर को आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव दोनों सदनों से पास कराया। जाति गणना के आंकड़ों के मुताबिक बिहार में सबसे ज्यादा 36 फीसदी आबादी अत्यंत पिछड़ी जातियों की है। उसके बाद 27 फीसदी पिछड़ी जातियों की आबादी है। अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी और अनुसूचित जनजाति की आबादी एक फीसदी है। हिंदू और मुस्लिम दोनों की सवर्ण आबादी 15 फीसदी से कुछ ज्यादा है।

आरक्षण बढ़ा कर राज्य सरकार ने 27 फीसदी पिछड़ों के लिए 18 फीसदी और 36 फीसदी अत्यंत पिछड़ों के लिए 25 फीसदी आरक्षण कर दिया है। अनुसूचित जाति को उसकी आबादी के बराबर यानी 20 फीसदी आरक्षण दिया है तो अनुसूचित जनजाति को उसकी आबादी का दोगुना यानी दो फीसदी आरक्षण दिया है। आरक्षण बढ़ाने के लिए पास किए गए दोनों विधेयकों में इस बात का जिक्र किया गया है कि राज्य की आबादी के साढ़े 15 फीसदी सवर्णों के लिए 10 फीसदी ईडब्लुएस का आरक्षण लागू है। बिल में यह भी साफ किया गया है कि सवर्णों की आबादी और उनको मिले आरक्षण का अनुपात 64.5 फीसदी बनता है। यानी उनको आबादी के अनुपात में बहुत ज्यादा आरक्षण मिला हुआ है। आरक्षण की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन भाजपा ने भी किया था और इसलिए राज्यपाल को मंजूरी देने में दिक्कत नहीं हुई। मंजूरी मिलने और कानून बनने के बाद अब राज्य सरकार चाहती है कि इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में डाला जाए ताकि इसे कानूनी चुनौती नहीं दी जा सके। लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं होगा। इसे कानूनी चुनौती मिलेगी।

बिहार में आरक्षण बढ़ाए जाने का कानून बनने के बाद अब पूरे देश में इसकी होड़ बढ़ेगी। भाजपा विरोधी पार्टियों की राज्य सरकारें अपने राज्य में आरक्षण बढ़ाने का प्रयास शुरू करेंगी। चूंकि बिहार में राज्यपाल ने विधानसभा से पास विधेयकों को मंजूरी दे दी है इसलिए दूसरे राज्यों में राज्यपालो के लिए इसे रोकना मुश्किल होगा। इसकी शुरुआत झारखंड और छत्तीसगढ़ से हो सकती है, जहां पहले से आरक्षण बढ़ाने का बिल पास किया हुआ है। झारखंड सरकार ने पिछड़ी जातियों का आरक्षण 14 फीसदी से बढ़ा कर 27 फीसदी,



अनुसूचित जाति का आरक्षण 10 से बढ़ा कर 12 और अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 26 से बढ़ा कर 28 फीसदी करने का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराया था। इस बढ़ोतरी के बाद इन तीन समूहों का आरक्षण 50 से बढ़ कर 67 फीसदी हो गया था। इसमें ईडब्लुएस का 10 फीसदी आरक्षण जोड़ने पर आरक्षण की कुल सीमा 77 फीसदी पहुंच गई थी। लेकिन राज्यपाल ने अटॉर्नी जनरल की सलाह पर इस साल अप्रैल में विधेयक को मंजूरी नहीं दी और उसे वापस लौटा दिया था।

इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी राज्य सरकार ने आरक्षण बढ़ाने का विधेयक पास कराया था। छत्तीसगढ़ में सरकार ने पिछड़ी जातियों का आरक्षण 14 से बढ़ा कर 27 फीसदी और अनुसूचित जाति का आरक्षण 12 से बढ़ा कर 13 फीसदी करने का ऐलान किया था। सरकार ने अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 32 फीसदी रहने दिया था और गरीब सवर्ण यानी ईडब्लुएस का आरक्षण घटा कर चार फीसदी कर दिया था। इस तरह राज्य में आरक्षण की कुल सीमा 76 फीसदी पहुंच गई थी। लेकिन वहां भी राज्यपाल ने विधेयक को मंजूरी नहीं दी है। इसलिए अभी 58 फीसदी आरक्षण लागू है। देश में ओबीसी, एससी और एसटी के लिए सर्वाधिक आरक्षण तमिलनाडु में है। नब्बे के दशक के शुरुआती दिनों में जब राज्य में जयललिता की सरकार थी उस समय तमिलनाडु में आरक्षण 69 फीसदी किया गया था और केंद्र की पीवी नरसिंह राव सरकार ने उस कानून को नौवीं अनुसूची में डाल दिया था, जिससे उसे कानूनी चुनौती नहीं दी जा सकी। इसी तर्ज पर बिहार सरकार भी आरक्षण बढ़ाने के कानून को नौवीं अनुसूची में डालना चाहती है।

बहरहाल, बिहार में कानून को मंजूरी मिलने के बाद अब झारखंड और छत्तीसगढ़ में कानून को रोकना मुश्किल होगा। ज्यादा से ज्यादा यह हो सकता है कि नए सिरे से बिल पास करा कर उसे राज्यपाल के पास भेजने से पहले राज्य सरकारों को अलग अलग जातीय समूहों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का आंकड़ा जुटाना पड़े। झारखंड सरकार ने कहा भी है कि वह पिछड़ी जाति आयोग का गठन करके आंकड़े जुटाएगी। अगर बिहार की तरह सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हो जाता है राज्य सरकारें आंकड़ों के आधार पर आरक्षण बढ़ाने का बिल पास कराती हैं तो उसे रोका नहीं जा सकेगा? सर्वोच्च अदालत ने भी महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के प्रस्ताव को इसी आधार पर खारिज किया था उनके पास मात्रात्मक यानी क्वांटिफायबल आंकड़े नहीं थे। मात्रात्मक आंकड़े आने के बाद इसे नहीं रोका जा सकेगा। क्योंकि इंदिरा साहनी केस में तय की गई आरक्षण की अधिकतम 50 फीसदी की सीमा टूट चुकी है। खुद सुप्रीम कोर्ट ने ईडब्लुएस आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर कहा था कि सरकारें जरूरत के हिसाब से सीमा बढ़ा सकती हैं। सो, चाहे झारखंड और छत्तीसगढ़ में पिछड़ों का आरक्षण बढ़ाने का मामला हो या महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का मामला हो, सरकारें आरक्षण बढ़ाने का रास्ता पकड़ेंगी।

यह राजनीतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़े धर्मसंकट का मामला होगा। अगर भाजपा विरोधी पार्टियों की राज्य सरकारें ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के फैसले करती हैं तो भाजपा के लिए मुश्किल बढ़ेगी। अगर वह इसका साथ देती है और राज्यपाल मंजूरी देते हैं तो उसके ऊपर दबाव बढ़ेगा कि वह अपने शासन वाले राज्यों में भी इसे लागू करे और केंद्र सरकार की नौकरियों में भी ओबीसी, एससी और एसटी का आरक्षण बढ़ाए। अगर भाजपा आरक्षण बढ़ाने के फैसले का साथ नहीं देती है या राज्यपाल बिल अटकाते हैं तो भाजपा को ओबीसी और एससी, एसटी विरोधी बताया जाएगा। सो, यह उसके लिए दुविधा वाली स्थिति है। आरक्षण बढ़ाने के दांव से विपक्षी पार्टियां भाजपा के व्यापक हिंदुत्व के समेकन यानी कंसोलिडेशन की रणनीति को चुनौती देंगी। जिस अंदाज में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पूरे देश में जाति गणना कराने और आबादी के अनुपात में हक देने की बात कर रहे हैं उसे देखते हुए साफ लग रहा है कि भाजपा के लिए आरक्षण का मामला गले की हड्डी बनने वाला है।

# क्या इस बार राजस्थान परंपरा तोड़ेगा या निभाएगा?

कांग्रेस ने 7 ताजा गारंटियों के साथ चल रही अन्य गारंटियों को मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया। इसके साथ ही चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना और पुरानी पैंशन स्कीम पर पूरा जोर दिया। चिरंजीवी योजना में मुफ्त इलाज की सीमा 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने को भुनाने की पूरी कोशिश की गई। गहलोत ने पहली बार अपनी योजनाओं को लेकर दबाव डाला। प्रधानमंत्री से उनकी योजनाओं को देश भर में लागू करने का अनुरोध किया गया। आखिरी दिनों में तो बाकायदा विज्ञापन छापे गए कि जनता सोच-समझ कर वोट दे नहीं तो चिरंजीवी योजना से लेकर ओ.पी.एस. बंद कर दी जाएंगी।

**विजय विद्रोही**

राजस्थान में चुनाव प्रचार का शोर थम गया है। वैसे इस बार शोर कम मचा अलबत्ता हो-हल्ला ज्यादा हुआ। नेताओं के भाषणों के स्तर में आ रही गिरावट यहां भी जारी रही। समूचा चुनाव गारंटियों पर आ टिका। यहां भी गैस सिलैंडर के दाम घटाने की होड़ चर्चा में रही। कांग्रेस की तरफ से अशोक गहलोत तो भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा सामने रहा। वोटरों की चुप्पी हैरानी में डालने वाली रही। मौजूदा विधायकों के खिलाफ नाराजगी देखी गई। यहां तक कि पार्टी कार्यकर्त्ताओं में उधार के सिंदूर यानी पैराशूट उम्मीदवारों के खिलाफ नाराजगी देखी गई। लेकिन इस बार एक नई बात देखी गई। अशोक गहलोत ने पहली बार खुद को माली (ओ.बी.सी.) बताया (हालांकि बगीचे की देखभाल करने वाले माली की तरह खुद की राजस्थान नाम के बगीचे के माली से तुलना की)। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार अपने चेहरे की जगह कमल के फूल को भाजपा की पहचान बताया। कांग्रेस ने 7 ताजा गारंटियों के साथ चल रही अन्य गारंटियों को मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया। इसके साथ ही चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना और पुरानी पैंशन स्कीम पर पूरा जोर दिया। चिरंजीवी योजना में मुफ्त इलाज की सीमा 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने को





भुनाने की पूरी कोशिश की गई। गहलोत ने पहली बार अपनी योजनाओं को लेकर दबाव डाला। प्रधानमंत्री से उनकी योजनाओं को देश भर में लागू करने का अनुरोध किया गया। आखिरी दिनों में तो बाकायदा विज्ञापन छापे गए कि जनता सोच-समझ कर वोट दे नहीं तो चिरंजीवी योजना से लेकर ओ.पी.एस. बंद कर दी जाएंगी। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन खुद मोदी को भरोसा दिलाना पड़ा कि गहलोत की तमाम योजनाएं जिससे जनता को फायदा होगा, जस की तस लागू की जाएंगी। विज्ञापनों को लेकर विवाद में भी रहे गहलोत और कांग्रेस। भाजपा ने बाकायदा उसको लेकर शिकायत की और कांग्रेस को नोटिस तक जारी हुआ।

उधर भाजपा का मुख्य मुद्दा गांधी परिवार की आलोचना से लेकर लाल डायरी और कांग्रेस के ध्रुवीकरण तक सिमटा रहा। वसुंधरा राजे सरकार की उपलब्धियां नहीं के बराबर गिनाई गई। यहां तक कि मोदी सरकार के साढ़े 9 साल के कामकाज का बखान देने से ज्यादा जोर कांग्रेस को आलोचना पर था। उदयपुर में पिछले साल कन्हैयालाल नाम के दर्जी की तलवार से गला रेत कर की गई हत्या को भुनाने में मोदी से लेकर अमित शाह और नड्डा पीछे नहीं रहे। जयपुर के परकोटे में मोदी का रोड शो भी उन इलाकों में किया गया जहां 2008 में सीरियल बम धमाके हुए थे। भाजपा की रणनीति यही रही कि हिंदुत्व के बहाने अपने वोट बैंक को एकाग्र रखा जा सके और मतदान केंद्र वोट डालने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को ले जाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

चुनाव प्रचार के दौरान मौजूदा विधायकों को अपने-अपने इलाकों में वोटरों की नाराजगी से दो चार होना पड़ा। इसमें कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा के मौजूदा विधायक भी शामिल रहे हालांकि ज्यादा संख्या कांग्रेस विधायकों की रही। दिलचस्प है कि कांग्रेस ने सिर्फ एक दर्जन विधायकों के ही टिकट काटे। भाजपा में यह संख्या 10 की रही। देखा गया कि कांग्रेस और भाजपा का कैडर कुछ जगह अपनी ही पार्टी के उस फैसले को पचा नहीं पाया जहां दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट थमा दिया गया। कांग्रेस में पहले 100 में से 60 के टिकट काटे जाने की चर्चा हो रही थी। फिर यह संख्या 40 पर आई लेकिन अंत में गहलोत और सचिन पायलट के समर्थक विधायकों को रिपीट कर दिया गया। गहलोत निर्दलीय विधायकों को भी टिकट दिलाने में कामयाब रहे जिन्होंने सचिन पायलट के मानेसर कांड के बाद सरकार को गिरने से बचाया था। एक तरफ टिकट पाने के लिए मारामारी रही तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के 3 नेताओं ने लाख मनुहार के बाद भी चुनाव लडने़ से मना कर दिया। टिकट काटने के फैसले में कांग्रेस उलझी रही और आखिरी दिन तक टिकट बांटने में लगी रही। चुनाव प्रचार के दौरान खास बात देखने को मिली कि वसुंधरा उन सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं गईं जहां उनका समर्थक बागी के रूप में मैदान में था। यही हाल गहलोत का भी था जो मजबूत बागी के यहां पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने से दूर रहे। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं को लग रहा है कि अगर पार्टी 95-96 सीटें जीतती है तो समर्थक बागी मुख्यमंत्री बनाने में मदद कर सकते हैं। ऐसा 2018 में हो चुका है। हालांकि सर्वे भाजपा की जीत बता रहे हैं। सट्टा बाजार भी ऐसे ही इशारे कर रहा है। लेकिन दोनों दलों को फंसी हुई सीटों की चिंता सता रही है। चुनाव को कहीं-कहीं छोटे दलों और बागियों ने चुनाव को अटका दिया है ...भाजपा में कम से कम एक दर्जन बागी मजबूती से लड़ते दिखाई दे रहे हैं तो कांग्रेस में यह आंकड़ा 8 से 10 का बताया जा रहा है। दक्षिण के आदिवासी इलाकों में भारतीय ट्राइबल पार्टी और भारतीय आदिवासी पार्टी ने कम से कम 10 सीटों पर कांग्रेस की हालत खराब कर रखी है। वहीं हनुमान बेनीवाल और चन्द्रशेखर रावण का गठबंधन भी कुछ सीटों पर भाजपा को मुश्किल में डाले हुए है। मायावती की पार्टी आधा दर्जन सीटों पर दोनों दलों का खेल खराब कर सकती है। मायावती ने पिछली बार 6 सीटें जीती थीं। खैर, अब चाबी वोटरों के हाथ में है। वोटरों के सामने दोनों दलों की रियायतें हैं। कुल मिलाकर यह बात तय है कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के नाम पर गहलोत ने जो अभियान चलाया है अगर वह जीते तो राज्य सरकारों के काम करने का पूरा अंदाज ही बदल जाएगा।

# फरीदाबाद में पैंशन अदालत का आयोजन : संजय छौकर



**Faridabad/Alive News**

जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छौकर ने बताया कि प्रधान महालेखाकार हरियाणा चण्डीगढ के आदेश पर हरियाणा सरकार से सेवानिवृत पैंशन भोगियों की पैंशन संबंधी समस्याओं के निपटान के लिए आगामी 22 नवम्बर व 23 नवम्बर को पैंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि यह पैन्शन अदालत जिला खजाना कार्यालय, फरीदाबाद नजदीक नीलम चौक, एनआईटी फरीदाबाद में आयोजित की जाएगी। इस पैन्शन अदालत में पैन्शनरों की पैन्शन से संबंधित समस्याओं का निपटान किया जाएगा। जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छौकर ने पैन्शन भोगियों से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी 22 व 23 नवम्बर को सुबह 9 बजे से सांय 4 बजे तक अपनी पैन्शन संबंधी समस्याओं को रख सकते हैं।

# सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाने वाले मेडिकल स्टोर संचालको पर हो कार्यवाही : डीसी



**Faridabad/Alive News**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सभी मेडिकल स्टोर के अन्दर व बाहर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह 20 नवंबर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पुलिस, स्वास्थ्य और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नशाखोरी के खिलाफ बेहतर क्रियान्वयन और मेडिकल स्टोर के अन्दर व बाहर सीसीटीवी कैमरे न लगवाने वाले मेडिकल स्टोर संचालको पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने बारे समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी मेडिकल स्टोर के अन्दर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए भी सरकार द्वारा निर्देश दिये गये है जिन मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे है उन मेडिकल स्टोर संचालको पर कार्यवाही की जाए। स्कूलों में नशा मुक्ति को लेकर छात्रों को जागरूक करने के लिए डिबेट, पेंटिंग और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए और गावों में सरपंच के साथ मिलाकर गावों में भी नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए। इसके साथ ही जिला में चल रहे जिमो में शक्तिवर्धक दवाओं, स्टेरायड की बिक्री व उपयोग न किया जाए। उन्होंने जिला औषधि नियन्त्रण विभाग के अधिकारियों को भी इस बारे में मडिकल स्टोर की चैकिंग के निदेश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी मेडिकल स्टोर के यहाँ अनियमताएँ पाई जाती है के उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और आदेश के बावजूद कोई मेडिकल स्टोर संचालक मेडिकल स्टोर के अन्दर व बाहर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाता तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए। बैठक में डीसीपी सेंटरल पूजा वशिष्ठ, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, एसीपी विष्णु प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# बिजली निगम के स्थाई कर्मचारियों की दुर्घटना, मृत्यु और विकलांगता राशि बढ़ी

**Faridabad/Alive News**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कर्मचारियों को बैंक में खाता खोलने के तहत मिलने वाले लाभों में वृद्धि की गई है। बिजली निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि एचडीएफसी बैंक ने नियमित (रेगुलर) कार्य कर रहे बिजली निगम के कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों को बढ़ा दिया है। स्थाई कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु कवर राशि मौजूदा रुपए .50 लाख से बढ़ाकर रुपए90 लाख की गई है। स्थायी या आंशिक विकलांगता कवर मौजूदा रुपए.50 लाख से बढ़ाकर रुपए.90 लाख की गई है। प्राकृतिक मृत्यु कवर 4 लाख रुपए है।इसी प्रकार अनुबंध आधार (कॉन्ट्रैक्ट बेस) पर कार्यरत बिजली निगम के कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु कवर राशि 15 लाख रुपए है और प्राकृतिक मृत्यु पर एक लाख रुपए है। बिजली निगम मुख्यालय के वित्त सलाहकार नरेश मेहता ने बताया कि एचडीएफसी बैंक द्वारा बिजली निगम के कर्मचारियों को वेतन खाते खुलवाने के अनुरोध के साथ विभिन्न लाभ व सुविधाएं प्रदान करने की सूची एचडीएफसी और डीएचबीवीएन के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के तहत भेजी गई थी। अब, एचडीएफसी बैंक ने नियमित कर्मचारियों के लिए लाभ बढ़ा दिए हैं। इस प्रकार एचडीएफसी बैंक द्वारा एमओयू की धारा संख्या 15 के अनुसार लाभों में वृद्धि की गई है। सभी मौजूदा नियम और शर्तें (बीमा दावों के निपटान के लिए) मौजूदा एमओयू के अनुसार लागू रहेंगी, जिस पर 20 मार्च 2019 को हस्ताक्षर किए गए। वर्तमान एमओयू की अवधि मार्च, 2024 तक या नवीनीकरण के समय तक है। इस संबंध में बिजली निगम के मुख्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

# मानव संस्कार स्कूल में तुलसी पूजन समारोह का आयोजन




**Faridabad/Alive News**

वीरवार को कार्तिक माह की एकादशी को देवउठनी एकादशी के तुलसी विवाह पर्व पर मानव संस्कार पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन समारोह किया गया। इस उपलक्ष्य पर छात्रो द्वारा विशेष रुप से प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यापिकाओ और विद्यार्थियो ने मिलकर माता तुलसी की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । पौराणिक कथा के माध्यम से बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। प्रधानाचार्या (डाॅ कौमुदी भारद्वाज) एवं उपदेशक (रमा ) ने तुलसी माता की पूजा की और तुलसी पूजन के प्रभाव के बारे में और अधिक जानकारी प्रदान की ।

# गवर्नमेंट कॉलेज में छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

**Faridabad/Alive News**

नशा मुक्त अभियान के तहत छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया गया। जिसमे नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करके नशा तस्करी पर अंकुश लगाने तथा नशे के चंगुल में फंसे लोगों को रिहैबिलिटेशन के माध्यम से नशा छुड़वाना रहेगा। एसीपी को नशा मुक्ति के इस अभियान में नोडल अधिकारी के लिए नियुक्त किया गया है।

बता दें कि इस कार्यक्रम में डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और छात्रों को अहम जानकारियां प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक द्वारा एनआईटी जोन को नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए डीसीपी एनआईटी द्वारा एसीपी एनआईटी को इस अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त करके उन्हें नशा तस्करों पर अंकुश लगाने तथा विभिन्न स्कूल कॉलेज व सार्वजनिक स्थान पर जाकर अधिक से अधिक छात्रों सहित नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। महिला थाना एनआईटी प्रभारी को इस अभियान का आर्डिनेटर नियुक्त




किया गया है जो सभी से संबंध में स्थापित करके इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे।

डीसीपी अमित यशवर्धन खेड़ी गुजरान कॉलेज में पहुंचे जहां पर कॉलेज प्रशासन ने उनका भव्य स्वागत किया और छात्रों को नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। पुलिस उपायुक्त ने छात्रों को नशा मुक्ति के बारे में विशेष जानकारी देते हुए बताया कि युवावस्था में कई बार गलत संगत में पड़ जाने की वजह से कुछ नवयुवक कम उम्र में ही नशे के शिकार हो जाते हैं और शराब या धूम्रपान करना शुरू कर देते हैं और धीरे-धीरे यह उनकी आदत में शुमार हो जाता है।

नशे के कारण बहुत सी समस्याएं पैदा होती हैं जिसमें सबसे पहले है स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं जिसमें व्यक्ति अंदर से खोखला होने लगता है। इसके अलावा नशा करने वाला व्यक्ति अपनी धन संपत्ति को नशे में उड़ाने लगता है और पैसा खत्म होने के बाद वह चोरी लूट जैसी वारदातों को अंजाम देना शुरू कर देता है जिसकी वजह से वह अपराध जगत में कदम रखता है और यह छोटे-मोटे अपराध आगे चलकर बड़ा रूप धारण कर लेते हैं तथा कई बार नशे में व्यक्ति पैसों के लिए डकैती या हत्या जैसी गंभीर वारदातों को भी अंजाम दे देता है।

इसके साथ ही उन्होंने नशा तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए आमजन को इन कार्यों में संलिप्त आरोपियों की सूचना टोल फ्री नंबर 90508 91508 पर पुलिस को देकर उनकी धरपकड़ करने तथा जो व्यक्ति नशे के जंगल में फंस चुका है उसे बाहर निकालने के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर के माध्यम से प्रयास किए जाएंगे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा । पुलिस उपायुक्त ने छात्रों को साइबर सुरक्षा तथा महिला विरुद्ध अपराध के बारे में भी अहम जानकारियां दी और छात्रों और शिक्षकगणों को नशा नहीं करने तथा अपने साथियों और परिजनों को भी इसके बारे में जागरूक करने की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया।

# फरीदाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभः डीसी

**Faridabad/Alive News**

डीसी विक्रम सिंह ने आज बुधवार को प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा का सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय से शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह प्रचार वाहन आज गाँव किडावली तथा ददसीया का दौरा करेगा। यह प्रचार वाहन एलईडी व साउंड सिस्टम से लैस है। जिसके माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में आमजन को केन्द्र व प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल प्रचार वैन में प्रचार सामग्री मौजूद रहेगी जोकि आमजन में वितरित की जाएगी। जिससे की आमजन को योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी मिल पाए। इसके साथ ही यात्रा का ठहराव जिन-जिन स्थानों पर होगा वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा युवाओं को यात्रा से जोड़ने के लिए विकसित भारत की थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। जिस गाँव या शहरी क्षेत्र में यह वाहन जाएगा उस स्थान पर स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा लाभकारी योजनाओं के लिए कैम्प लगाए जाएँगे। इसके साथ ही आमजन के लिए परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान/ चिरायु कार्ड, पेंशन आदि से सम्बधी जो कार्य है या किसी प्रकार की त्रुटियां है, उनको ठीक करने के लिए भी कैम्प लगाए जाएँगे। जिससे जिलावासियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। एडीसी एवं जिला से यात्रा के नोडल अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा इस यात्रा मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की 17 स्कीमें और हरियाणा सरकार की सभी स्कीमों को इस अभियान में शामिल किया गया है। यात्रा के आयोजन के लिए 60 दिनों का रूट प्लान तैयार किया जा चुका है। उन्होनें कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा-निर्देशों की अनुपालना में कार्य किया जाएगा।

# मैन ऑफ द मैच बने आशीष बांबी, फागना अकादमी 61 से रही विजेता

**Faridabad/Alive News**

प्रैक्टिस मैच अवनय क्रिकेट ग्राउंड फ़रीदाबाद पर खेला गया और यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और दलाल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने दलाल क्रिकेट अकादमी को 61 रन से हराया , यह मैच 40 ओवर का था और रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 285 रन का लक्ष्य दिया । रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद जैद ने 65 गेंदों पर 4 चौकों और 3 छक्को की मदद से 58 रन, आशीष बांबी ने 63 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 56 रन बनाए। दलाल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए लक्की खान ने 7 ओवर में 42 रन देकर 3 विकेट, पवन दलाल ने 8 ओवर में 1 मैडेन, 36 रन देकर 2 विकेट, पियूष चंदीला और आर्यन विष्ट ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दलाल क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 224 रन बनाकर हार गई। दलाल क्रिकेट अकादमी की ओर से परणीत रावत ने 79 गेंदों पर 8 चौको और 2 छक्कों की मदद से 68 रन, राजदीप मोर ने 81 गेंदों पर 7 चौको की मदद से 52 रन बनाए। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आशीष बांबी ने 8 ओवर में 1 मैडेन, 42 रन



देकर 4 विकेट, हिमांशु रावत ने 6 ओवर में 2 मैडेन, 26 रन देकर 2 विकेट, यादव सैंडी और मोहम्मद जैद ने 1/1 विकेट हासिल किए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच आशीष बांबी को घोषित किया गया।

# एवीएन स्कूल में महिला विरुद्ध अपराध को लेकर किया जागरूक

**Faridabad/Alive News**

इंस्पेक्टर माया ने अपनी टीम के साथ मिलकर एवीएन स्कूल सेक्टर-19 छात्रओ को साइबर अपराध,महिला विरुद्ध अपराध, नशा से बचाव के संबंध में जानकारी देकर जागरुक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी अपनी दुर्गा शक्ति की टीम के साथ एवीएन स्कूल सेक्टर-19 में छात्रों को महिला व बालिकाओं के विरुद्ध अपराध से संबंधित जूविनाइल जस्टिस एक्ट, पोक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी। इंस्पेक्टर माया और उनकी टीम ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं के विरुद्ध घटित हो रहे अपराधों पर लगाम लगाने के लिए उनका महिलाओं के अधिकार संबंधित कानून के बारे में जानकारी रखना अति आवश्यक है। स्कूल में पढ़ रहे छात्रओं को जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर माया ने बताया कि आजकल फेसबुक व्हाट्सएप या



अन्य बहुत सारी सोशल साइट्स पर वीडियो कॉल स्कैम चल रहा है जिसमें कोई लड़का या लड़की आपको अश्लील वीडियो कॉल करने का ऑफर देते हैं जिसके झांसे में आकर कुछ युवा उनके साथ अश्लील वीडियो कॉल पर बात कर लेते हैं। वीडियो कॉल के दौरान अपराधियों द्वारा यह कॉल रिकॉर्ड कर ली जाती है जिसमें वीडियो कॉल करने वाले का चेहरा दिखाई देता है।

उन्होंने छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी तथा हरियाणा पुलिस द्वारा तैयार की गई वीडियो को दिखाया गया। नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए छात्रों को इसकी जानकारी पुलिस को देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 90508 91508 पर देकर पुलिस की मदद करने के लिए कहा। जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# विद्यार्थियों ने पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता से बताया गीता का महत्व

**Faridabad/Alive News**

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार श्रीमद्भगवद्गीता जयंती के अंतर्गत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज पेंटिंग और पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्रिंसिपल रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय की प्राध्यापिका गीता ने छात्राओं और छात्रों की विद्यालय स्तर की श्रीमद्भगवद्गीता आधारित पोस्टर बनाओ और पेंटिंग प्रतियोगिता का संचालन किया।प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार श्लोकोच्चारण, संवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। विद्यालय के विद्यार्थी सभी गतिविधियों में प्रतिभागिता कर रहे हैं। सराय ख्वाजा फरीदाबाद विद्यालय के विद्यार्थी एवम समस्त विद्यालय परिवार श्लोकोच्चारण, निबंध लेखन




तथा संवाद द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं को जीवन शैली में आत्मसात करने के लिए संकल्पित हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में हमें जीवन की सभी समस्याओं का समाधान मिलता हैं। श्रीमद्भगवद्गीता जीवन दर्शन है तथा हमें आदर्श जीवन जीने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। श्रीमद्भगवद्गीता वर्तमान में धर्म से अधिक जीवन के प्रति अपने दार्शनिक दृष्टिकोण को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी जनमानस का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रही है। निष्काम कर्म का गीता का संदेश प्रबंधन गुरुओं को भी लुभा रहा है। गीता विश्व के सभी धर्मों की सबसे प्रसिद्ध पुस्तकों में सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष के ऋषियों ने गहन विचार के पश्चात जिस ज्ञान को आत्मसात किया उसे उन्होंने वेदों का नाम दिया। इन्हीं वेदों का यह भाग उपनिषद कहलाता है। मानव जीवन की विशेषता मानव को प्राप्त बौद्धिक शक्ति है और उपनिषदों में निहित ज्ञान मानव की बौद्धिकता की उच्चतम अवस्था तो है ही अपितु बुद्धि की सीमाओं के परे मनुष्य क्या अनुभव कर सकता है उसकी एक झलक भी दिखा देता है। अतः हम सभी को दैनिक जीवन में निस्वार्थ भाव में कर्म करते रहना चाहिए। इस अवसर पर प्राध्यापिका सुशीला, ममता, सरिता, सुशीला, अजय गर्ग, रविंद्र आर्य, पवन, गीता, संजीव एवम राहुल रोहिल्ला तथा सभी प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सीजेएम सुकीर्ति गोयल ने मंगलवार को किया बाल सुधार गृह का निरीक्षण



**Faridabad/Alive News**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग के दिशा निर्देश अनुसार आज मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने बाल सुधार गृह व प्लेस ऑफ सेफ्टी एनआईटी फरीदाबाद का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बाल सुधार गृह के किचन का भी निरीक्षण किया, जो ठीक पाया गया। इसके साथ साथ सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने शिकायत बक्से को भी खोला गया। जिसमें कोई शिकायत पत्र ना पाया। सीजेएम सुकीर्ति गोयल तत्पश्चात बाल सुधार गृह में रह रहे 83 किशोरों और प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे 145 किशोरों से रूबरू हुए। जहां उन्होंने उनकी समस्याओं को जाना और उनका समाधान करने बारे में अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। सीजेएम ने साथ ही साथ किशोरों से कहा गया कि यदि उन्हें अलग में कोई अपनी समस्या बतानी है तो वे भी बता सकता है। लेकिन किसी किशोर ने कोई समस्या नही बताई।निरीक्षण के दौरान सीजेएम सुकीर्ति गोयल ने कहा कि जाने अनजाने में जो किशोर यहां आ गया है। वह अपने को सुधार कर समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ सकता है। इस अवसर पर ऑफिस इंचार्ज प्रमोद शर्मा व पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता, व राजेंद्र गौतम भी मौजूद रहे।

# रविंद्र फागना अकादमी ने विकासपुरी क्रिकेट कोचिंग सेंटर को 3 रन से हराया

**Faridabad/Alive News**

क्रिकेट टूर्नामेंट घेवरा क्रिकेट ग्राउंड न्यू दिल्ली पर खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली और विकासपुरी क्रिकेट कोचिंग सेंटर के बीच खेला गया। इस मैच मे रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने विकासपुरी क्रिकेट कोचिंग सेंटर को 3 रन से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और विकासपुरी क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 209 रन का लक्ष्य दिया। रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक चौहान ने 68 गेंदों पर 14 चौको की मदद से 76 रन, वैश खान ने 72 गेंदों पर 10 चौको की मदद से 58 रन बनाए। विकासपुरी क्रिकेट कोचिंग सेंटर की ओर से गेंदबाजी करते हुए निहार बलवाड़ा ने 8 ओवर 1 मैडेन,28 रन देकर 3 विकेट, आर्यवीर सिंह ने 8 ओवर में



1 मैडेन,30 रन देकर 2 विकेट, और अभय दहिया ने एक विकेट हासिल किया।

इस लक्ष्य का पीछा करते हुए विकासपुरी क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने 37.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 206 रन बनाकर हार गई। विकासपुरी क्रिकेट कोचिंग सेंटर की ओर से ईशान दबास ने 111 गेंदों पर 15 चौको और 1 छक्के की मदद से 108 रन बनाए।रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंशज भाटिया ने 4.4 ओवर में 1 मैडेन,30 रन देकर 3 विकेट, विनय चौधरी और अभिषेक चौहान ने 2/2 विकेट, व जतिन अग्रवाल ने एक विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच अभिषेक चौहान को घोषित किया गया।

# फरीदाबाद पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

**Faridabad/Alive News**

शादियों के सीजन के चलते ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। सभी मैरिज गार्डन, वाटिका, रिजॉर्ट, बैंक्विट हॉल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, होटल इत्यादि अपने यहां आने वाले यात्रियों की पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही वाहन खड़ा करके रास्ता जाम करने वालों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की ओर इ सख्त क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

मिली जानकारी के मुताबिक डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत ट्रेफिक एडवाइजरी जारी की गई है ताकि आमजन को यातायात में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और वह बिना परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिसंबर जनवरी महीने में शादियों का सीजन रहता है जिसकी वजह से बाजार और विवाह स्थलों में बहुत ज्यादा भीड़ एकत्रित होती है। शादियों के सीजन में एकत्रित होने वाली यह भीड़ अपने वाहनों को जहां-तहां जगह देखकर पार्क कर देते हैं और यह नहीं समझते कि इसकी वजह से सड़क पर जाम लग सकता है। पुलिस प्रवक्ता ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर अवैध पार्किंग ना करें इसकी वजह से बहुत अधिक जाम लगता है जिसकी वजह से आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। अपने कार्यस्थल पर आने जाने वाले लोग इसकी वजह से बहुत लेट पहुंचते हैं और ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ जाती है। यात्री सड़क किनारे वाहन न खड़ा करें क्यूंकि इसकी



वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। ऑटो चालक बाजार या भीड़भाड़ वाले स्थान पर अपना ऑटो न खड़ा करें अन्यथा उनके चालान काटे जाएंगे। बिना पार्किंग के वहां खड़ा पाया जाता है तो पुलिस द्वारा उसे टॉ किया जाएगा। बाजार या भीड़भाड़ वाले स्थान पर वाहन चालक वाहन ले जाने से बचें। आमजन से अनुरोध है की सड़क पर पार्किंग ना करें अन्यथा उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई करके दंडित किया जाएगा।

# Haryana News



## D.A.V. School organized Free Health Check-up



Faridabad/Alive News

D.A.V. Public School, Sector-37, Faridabad, in collaboration with Arya Samaj, organized a transformative Free Health Check-up Camp on November 17 and 18, 2023. Spearheaded by the dedicated Principal, Ms. Deepti Jagota, the initiative sought to propagate awareness regarding health and hygiene within the community. This impactful event, hosted at Arya Samaj, Molarband Extension, Badarpur, showcased a commendable alliance between the school and Arya Samaj, reflecting their joint commitment to community service. The dynamic team of healthcare professionals, encompassing Gynecologists, Dentists, Physicians, and Orthopedicians, provided invaluable guidance on diverse health issues. The camp, a beacon of health awareness, not only facilitated early detection of health concerns but also instilled knowledge about preventive measures. The accessibility to medical care extended by the camp has left an enduring mark on the well-being of the local residents, fostering a healthier and more resilient community. Special gratitude was expressed to Amma Hospital for their unwavering support, underscoring the collaborative efforts that made this initiative a resounding success.

## DAV School organized Inter House Sports Competition



Faridabad/Alive News

DAV Public School, Sector 37, hosted its much-awaited Sports Day on Nov 9, 2023 for classes VI to VIII. The School Principal Ms. Deepti Jagota inaugurated the event, featuring competitive Throwball for girls and Volleyball for boys. Participants showcased remarkable agility, coordination, and stamina, igniting the atmosphere with cheers. Aravali House emerged victorious, securing the first position in both events, while Nilgiri claimed the second position. Himalaya and Everest clinched the third position in Throwball and Volleyball respectively. Winners were honoured with trophies. The Principal in her address said sports is one field of life which teaches us the most valuable lessons about perseverance, patience, discipline and teamwork. She had appreciated the efforts of the Sports Teachers in honing the students' talents suitably. The Supervisory Head Ms. Adarsh Sharma's constant encouragement and applause added to the jubilant atmosphere, making the day a memorable celebration of skill and sportsmanship.

## राजकीय स्कूल में नाटक द्वारा जेआरसी का नशा मुक्ति अभियान



Faridabad/Alive News

गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत नशा समाप्त करने की अपील करते हुए नाटक प्रस्तुत किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा करने से सेहत और मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ता है। नशा करने वाला अपने साथ अपने परिवार के लिए भी समस्या बन जाता है जिससे स्वास्थ्य और पैसे दोनों का विनाश होता है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि यदि उनके आसपास कोई नशा करता है तो उसे नशा मुक्ति केंद्र में लेकर आएं और उसका उपचार करवाएं।

यहां रोगियों का नशा छुड़वाने का उपचार किया जाता है। अध्यापिका गीता, शालिनी, अजय गर्ग, जसबीर सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने नशा मुक्त स्वस्थ समाज बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग एवम स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय समय पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि देश से नशा समाप्त करने का उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। यह सत्य है कि नशीले पदार्थों के सेवन से पीड़ित व्यक्ति को पारिवारिक एवं सामाजिक अलगाव और लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ता है।

इससे निश्चित रूप से उन्हें मानसिक और शारीरिक कष्ट एवं आघात पहुंचता है। उन्होंने कहा कि हम सब यह संकल्प करें कि हम किसी भी प्रकार का नशा न करते थे, न करते हैं था, न भविष्य में करेंगे। अपने विद्यालय के मित्र, मोहल्ले के साथी, परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को भी इससे दूर रखेंगे ताकि नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहायक हो सकें। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि नशा रूपी दलदल से बचने के लिए हमें अपने आसपास के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देनी चाहिए ताकि कोई भी नशे की चंगुल में न फंसे।

स्टाफ और विद्यार्थियों ने नशा नहीं करने और न दूसरों को करने देने का प्रण भी लिया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सभी विद्यार्थियों एवम अध्यापकों का नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए आभार व्यक्त करते हुए हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की तथा सभी से नशा समाप्त करने के लिए सहयोग करने के लिए और भी सक्रिय होने का आग्रह किया। उन्होंने नाटक प्रस्तुत करने पर सभी विद्यार्थियों और अच्छी तैयारी के लिए अध्यापिका गीता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## सीनियर श्रीराम स्कूल के वार्षिकोत्सव में मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन ने की शिरकत

Faridabad/Alive News



60 फीट जवाहर कॉलोनी स्थित सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल में रविवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन दीप भाटिया, उद्योगपति एवं समाजसेवी एस. एस बांगा और यूनिक रिकॉर्डिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर जगदीप ग्रोवर पहुंचे। विशेष अतिथि के रूप समाजसेवी संजय कक्कड़, समाजसेवी जितेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप अधिवक्ता राजन शर्मा, जिला महिला सुरक्षा अधिकारी हेमा कौशिक, अधिवक्ता अनीश वर्मा ने समारोह की शुरुआत की।

अतिथि ने समारोह में विद्यार्थियों और अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन दीप भाटिया, उद्योगपति एवं समाजसेवी एस. एस बांगा और यूनिक रिकॉर्डिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर जगदीप ग्रोवर ने भी संबोधित किया।

समारोह में कक्षा नर्सरी से 9वीं के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, वेलकम सॉन्ग, कविता, थीम ऑफ फ्लावर, स्वागत सॉन्ग, थीम ऑफ ग्रैंड फादर, जोकर, योगा, थीम ऑफ हैप्पी, एजुकेशन एकेडमिक बोथ इंपोर्टेंट, चाइल्ड लेबर, इंडिया वाले, थीम ऑफ पेरेंट्स, एनिमल क्रुएल्टी और गॉड इज वन की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की प्रस्तुति को अतिथि और अभिभावकों ने खूब सराहना की। इस बीच विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमृता ज्योति ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य 'हर घर ध्यान, हर घर ज्ञान और हर घर शक्ति' की सोच को आगे बढ़ाना है। इस समारोह में विद्यार्थियों को मोटिवेशन गुरू द्वारा जागरूक भी किया गया।

स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमृता ज्योति, डायरेक्टर गुरप्रीत कौर और प्रिंसिपल विक्रम सिंह राठौर ने समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत शोल और गमले भेट कर किया गया।

## बुजुर्ग का फ़ोन गुम होने पर ट्रांसक्शन कर निकाले 73 हजार रुपये, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



Faridabad/Alive News


चाय की दुकान चलाने वाले बुजुर्ग का फोन करीब दो महीने पहले गुम हो गया था जिसके बाद फोन पे से 73 हजार रुपये की ट्रांजैक्शन होनी पाई गई। जिसकी शिकायत पुलिस चौकी आईएमटी में बुजुर्ग द्वारा दी गई। ऐसे में पुलिस ने आरोपी की तलाश कर व्यक्ति से पैसे व फोन दिलाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति चंद्रपाल आईएमटी में चाय की दुकान चलाता है जो दुकान पर ग्राहक के लिए फोन पे का इस्तेमाल करता है। व्यक्ति का करीब दो महीने पहले फोन गुम हो गया था जिसकी शिकायत पुलिस चौकी आईएमटी में बुजुर्ग द्वारा दी गई। उसके बाद कुछ दिन के बाद बुजुर्ग ने बताया कि उसके खाते से पैसे निकल गए है। जिसकी तलाश की गई और जिस खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए, उसकी जांच की गई। पुलिस चौकी आईएमटी प्रभारी सुनील की टीम ने पता लगाया गया, जिससे खरीदारी की गई। खरीदारी वाले स्थान के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए और उस व्यक्ति का पता लगया गया। जो व्यक्ति से संपर्क किया गया जिसने अपना नाम मनोज बताया। उसने बताया कि वह ट्रासपोर्ट का काम करता है। अभी वह गुजरात में है। व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसको फोन आईएमटी में पडा मिला था और फोन पर लॉक नही था जिसके बाद उसने एक पास वर्ड डालके ट्राई किया तो पैसे उसके खाते में ट्रांसफर हो गए, तो उसने 73000 रुपए ट्रांसफर कर लिए। फोन और पैस, बुजुर्ग को लौटा दिए।

## Students paid floral tributes Jagadish Chandra Bose

Faridabad/Alive News

JC Bose University of Science and Technology, YMCA, remembered the great Indian scientist Acharya Jagadish Chandra Bose on his death anniversary and paid tribute to him. JC Bose was the pioneer of modern science in India and the father of wireless communication. Faculty members and students of the university today paid floral tributes to Jagadish Chandra Bose and laid wreath at his statue. In his message on this occasion, Vice Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar said that JC Bose was far ahead of his time. He said, he left a rich and diverse legacy not only as the founding father of experimental science in India, but also as a botanist, biologist and thinker. Prof. Tomar said that the life of Acharya Bose should be a role model for young researchers and they should learn from the life and works of the great Indian scientist. The program was organized by the Dean Student Welfare Office.

Teachers, staff and students of the university also gathered at the statue of JC Bose in the university and paid floral tributes to the great Indian scientist on his death anniversary. On this occasion, Dean Student Welfare Prof. Munish Vashishtha, Director (Youth and Culture Affairs) Prof. Pradeep Dimri, Prof. Neelam Turk,



Dr. Shilpa Sethi and Dr. Anurag Prakash Sunda were also present.It is noteworthy that the university was named after this great scientist in the year 2018 by the state government in recognition of his achievements in the field of modern science.

## DAV school organised eye screening camp

Faridabad/Alive News

An Eye Camp was organised in DAV PUBLIC SCHOOL premises to check the eyesight of the students belonging to Classes L.K.G. to VIII .Under the able guidance of the Principal, Ms Jyoti Dahiya the camp was conducted by Lions Club , Faridabad. Mr. A.D. Bhatt and his team –mates were given a floral welcome. The objective of the camp was to check the eyesight of the students and the students whose eye- sight was weak were advised to refer a doctor.

The camp started at 9:30 AM and lasted till 2:00 PM for all the students of classes LKG to VIII.The eyesight of more than 200 students was tested. The doctors brought well-equipped eye exami-



nation tools to examine the students effectively. The event was a fruitful one as many students benefited from the eye check-up and the timely intervention of the school helped them to focus on their studies in a better manner. The event not only helped to prevent the further deterioration of the eyesight of the students but also provided a sense of relief to the parents.

## Annual Sports Meet 2023-24, "Udaan" organized at Dynasty International School



Faridabad/Alive News

Dynasty International School organized one of its most awaited events, the Annual Sports Meet 2023-24, "Udaan" on 24th November 2023. Inaugurated by School Director Kalpana Verma, Vice-Principal Sujata Sharma and the coordinators, the day was filled with immense excitement and enthusiasm.

The event started with a high-powered and disciplined parade coordinated by the four house captains of the school. From numerous kinds of races to skating and yoga, the event marked maximum participation from the students and brought their athletics spirits together on the tracks. The marvellous Yoga performance delivered by the students left the spectators in awe and created an environment of tranquility and unity.

Skating by our little dynastians from Grade 5 gave us another reminder that obstacles can be seen as opportunities when we are filled with zeal and determination. This was followed by the medal ceremony where the winners were honoured with medals and the coveted trophy was presented to the winning house by the school Director Kalpana Verma and the dignitaries. The event came to an end with the unified echoes of National Anthem by the students and the teachers.

## Students of DAV School NH-3 thanked teachers in a unique way



Faridabad/Alive News

Thanksgiving Day was celebrated with fun and gaiety on Thursday in the Kindergarten of DAV Public School NH-3 NIT. Students were taught that Parents and teachers who guide them have great importance in their lives, it is only with their blessings and support that children move ahead. Children made lovely "Thanksgiving card" for the Almighty, Principal, Teachers & support staff to express their gratitude, love and respect. The teachers decorated the class with beautiful and creative cards or explained the importance of Thanksgiving Day.

The little ones showed their gratitude towards them by delivering short speeches, preparing greeting cards and through dance performances. Teachers appreciated the students saying that the occasion has provided the kids an opportunity to showcase their creativity in the form of colourful greeting cards, songs and dance.

## Inter School Basketball Championship concludes in Faridabad Model School

Faridabad/Alive News

Faridabad Model School, Sector-31 organized the two-day Inter-School Basketball Championship (Under 14 Girls and Boys) FMS Cup 2023. The guest of honour Jagroop Singh Rathi and Brig. N.N. Mathur addressed the team members and mentioned that sports activities develop the overall personality and identifies the strengths of the students in a particular sport. 27 top teams across various schools of Faridabad participated in the event.




In the U-14 girls category, the winners was the proud team of Takshshila Model Sr. Secondary School, Sector-3 followed by Manav Rachna International School, Sector-14 grabbing the 1st Runner-Up & Naryana E- Techno, Sector-77 bagging the 2nd Runner-Up trophy.In the U-14 boys category, the winners was the proud team of Takshshila Model Sr. Secondary School, Sector-3 followed by Aravali International School, Sector-43 grabbing the 1st Runner-Up & MVN Sr. Secondary School, Sector-43 taking the 2nd Runner-Up trophy. Mishika Jain of Manav Rachna International School, Sector-14 and Krish of Takshshila Model Sr. Secondary School, Sector-3 were declared best players of the tournament.

The closing ceremony was graced by Jagroop Singh Rathi-IPS (Retd.), Arjuna Awardee, N.N. Mathur – President Senior Citizen Society, Neha Rathi-Arjuna Awardee, SHO, Haryana Police, H.S. Malik-Former Chairman, CWC, Govt. of Haryana, and Chairman FMS, AK Malik-Former Commissioner, H.S. Dhillon-Retd. ETO. Raj Malik- Former Principal of FMS, Sector-48 branch, Mr. & Mrs. Kanwar, Shreya Malik- Asstt. Vice President, Projects, IIT Kanpur, Jitender Chaudhary – President Morning Health Club and Mohit Aggarwal.

FMS Director Principal Umang Malik presented the vote of thanks to all participating teams and guests and to the FMS fraternity for making the event a grand success.The event was concluded with cheers and celebrations which marked the end of the event, yet promised a new beginning and an eagerness to meet next year with increased zest and vigour.

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# सतयुग दर्शन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में दिखी एक अनूठी झलक



Faridabad/Alive News

प्रगति मैदान में लगा हुआ देश का 42 वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला जहां एक ओर देश-विदेश के दस्तकारों व कलाकारों को अपना हुनर दिखाने हेतु मंच प्रदान करता है वही दूसरी ओर आगुंतकों की संख्या में भी यहां काफी इजाफा देखने को मिलता है। बच्चों से लेकर वयोवृद्धों तक, सबके अन्दर इस मेले को देखने का जुनून मिलता है।

इस अवसर का लाभ उठा, सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद ने वर्तमान परिस्थितियों के तहत? आगुंतकों तक निस्स्वार्थ भाव से सद्?भावना व युग चेतना का संदेश पहुंचाने की पहल की है। इसलिए तो हरियाणा पवेलियन के अंतर्गत सतयुग दर्शन ट्रस्ट का एक अनूठा स्टाल ध्यान-कक्ष के नाम से देखने को मिल रहा है। ग्रेटर फरीदाबाद, सतयुग दर्शन वसुंधरा परिसर में स्थापित यह ध्यान-कक्ष वास्तव में भौतिक ज्ञान से भिन्न, आत्मिक ज्ञान प्रदान करने वाला समभाव समदृष्टि का स्कूल है। यहां से बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के सदस्य को सतयुगी उत्कृष्ट नैतिक संस्कृति से परिचित करा, समभाव समदृष्टि की युक्ति अनुसार आपस में मैत्री भाव से विचरने की शिक्षा प्रदान की जाती है ताकि समाज में फैला हुआ भिन्नता का, लड़ाई-झगडे का, वैर-विरोध का, द्वि-द्वेष का वातावरण समाप्त हो और सब आपस में मिलजुल कर शांति से रहते हुए सुखमय जीवन व्यतीत कर सकें।

यही नहीं सबको यह भी सुझाव दिया जा रहा है कि इस हेतु काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे भाव-स्वभाव छोड़ व निष्कामता अपनाकर मानव-धर्म को सत्यनिष्ठा से अपने मन-वचन-कर्म द्वारा प्रतिष्ठित कर परोपकारी बनने का साहस दिखाओ क्योंकि तभी सम्पूर्ण मानव-जाति 'वसुधैव कुटुम्बकम्?' की अवधारणा को चरितार्थ कर एक सत्यनिष्ठ व धर्मपरायण संगठित परिवार की तरह मिल जुल कर रहने के योग्य बन पाएगी और ब्रह्म अवस्था को धारण कर यानि एकता, एक-अवस्था में आ अपने जीवन के परम लक्ष्य यानि मोक्ष को सिद्ध कर सकेगी।

# गुड टच और बेड टच को लेकर अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों को किया जागरूक

Faridabad/Alive News




दुर्गा शक्ति की टीम ने फरीदाबाद के अग्रवाल कॉलेज में छात्राओं को महिला सुरक्षा, गुड टच बेड टच, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, नशा मुक्ति व यातयात नियमों संबंध में जागरुक किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कॉलेज में पुलिस टीम ने छात्राओं को आमजीवन में होने वाले क्राइम की जानकारी दी जिसमें उनको गुड टच बेड टच, महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में छात्राओं को जागरुक किया। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखते है जिसमें महिला/ लडकी से छेडछाड, लडकी/बच्चो को शोषण, दहेज प्रथा इत्यादि। इसके साथ ही छात्राओं को गुड व बैड टच के संबंध में जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि आप इसका विरोध नहीं करेंगे तो आरोपी फिर से इस प्रकार की अपराधिक वारदात को दुबारा से गलत हरकत करने की कोशिश करेगा।

ऐसे में पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि गुड टच बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों/छात्राओं को इसकी जानकारी दी जा रही है इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से किसी लडकी को छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन ना करे इसके संबंध में परिजनों के माध्यम से पुलिस को सूचित करे। समाज की कुरुतियों से हम सबको एकजुट होकर लड़ाई लड़ें ताकि समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।

पुलिस टीम ने बताया कि वह किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना 112 पर दे सकते हैं। साइबर अपराध के लिए 1930, पुलिस टीम ने छात्रों को डायल 112 एप के बारे में जानकारी दी और दुर्गा शक्ति एप उनके मोबाइल में डाउनलोड करवाया और बताया कि इसके माध्यम से है पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। इसी के साथ इस जागरूकता कैंपेन का समापन किया गया जिसमें छात्राओं द्वारा पूरी पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# गऊ सेवा धाम हॉस्पिटल में मनाई गई गोपाष्टमी



Faridabad/Alive News

हर वर्ष की भांति इस बार भी होड़ल के गऊ सेवा धाम हॉस्पिटल में गोपाष्टमी के अवसर पर देवी चित्रलेखा द्वारा मद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर पहुंचे पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने भागवत विराजित स्थान को प्रणाम कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया और श्रद्धालुओं कों सम्बोधित करते हुए कहा कि हर किसी संत का अपने कर्तव्य के पीछे एक समाजहित उद्देश्य व संकल्प होता हैं और हमारी बहन चित्रलेखा ने गायों के इतने बड़े मॉडर्न अस्पताल का निर्माण कर जो अपना संकल्प पूरा किया हैं उसके लिए बहुत बहुत बधाई दी। पूर्व मंत्री ने कहा कि जब ये अस्पताल बन रहा था तब एक शुरुआत थी और आज ये एशिया का सबसे बड़ा मॉडर्न गऊ अस्पताल हैं, बनकर तैयार हैं। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने गायों को गुड़ व चारा भी खिलाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि हाल मे 20 तारीख को प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गौशाला में नए ऑपरेशन थिएटर का शिलान्यास भी किया था और बहन चित्रलेखा द्वारा किये जा रहे नेक कार्यों की सराहना भी की थी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने बहन चित्रलेखा व उनकी संस्था के सभी पदाधिकारियों का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि बिना पद पर होते हुए उन्हें इतना मान सम्मान दिया हैं जिसके लिए वो सभी के आभारी हैं और एक पारिवारिक सदस्य के रूप मे उन्हें यहाँ आने का अवसर प्राप्त हुआ हैं जिसके लिए सभी का धन्यवाद किया।

# कांग्रेस पार्टी में पंजाबी समाज की अनदेखी : राजेश गाबा आर्य

Faridabad/Alive News

पंजाबी समुदाय की अनदेखी के चलते पंजाबी समुदाय से संबंध रखने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश गाबा आर्य ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से मांग की है कि वह फरीदाबाद की बडख़ल विधानसभा व फरीदाबाद 89 विधानसभा क्षेत्रों से पंजाबी समुदाय को आगामी विधानसभा चुनावों में हिस्सेदारी देते हुए प्रत्याशी बनाए ताकि आगामी लोकसभा, विधानसभा, पार्षद चुनावों में कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहरा सकें। गाबा ने कहा कि दर्द का अहसास तब से था कि हरियाणा कांग्रेस में चार कार्यकारी अध्यक्ष सम्मानित समाज से बनाए गए थे पर मेरे समाज से किसी भी नेता को कार्यकारी अध्यक्ष नहीं बनाया गया। पंजाबी समाज इंतजार करता रहा कि कब हमारे समाज के सीनियर नेता आवाज उठाएगें लेकिन इस मुद्दे पर किसी भी पंजाबी नेता ने आवाज नहीं उठाई तो मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को आगे आना पड़ा। बंटवारे से लेकर अब तक पंजाबी समाज को कांग्रेस ने बहुत कुछ दिया है लेकिन पिछ्ले कुछ वर्षो से हमारे समाज की अनदेखी हो रही है। इसके बाद सभी पंजाबी समुदाय व कांग्रेस से संबंध रखने वाले कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान व पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल को पंजाबी समाज की ओर से ज्ञापन सौंप उन्हें कांग्रेस संगठन व टिकट वितरण में पंजाबी समाज की हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने की अपील करेगें।प्रैस वार्ता में पूर्व पार्षद




राजेश भाटिया, कांग्रेस नेता अनीषपाल, कांग्रेस अध्यापक सैल के पूर्व चेयरमैन हरीश ऋषि, डा. सौरभ शर्मा, संचित कोहली, पंजाबी-खत्री समाज के अध्यक्ष भानुप्रताप खत्री, गुलशन खत्री, विनोद खत्री, सतीश गोसाईं, करूण बहल, सचिन शर्मा, विमल अभी, राजू आहूजा, सोनू सलूजा, दीपक भण्डारी, गौरव अरोड़ा, राकेश धमीजा, ललित आर्य,, कांग्रेसी नेता विजय कृष्ण सहित अन्य पंजाबी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर विधायक ने मरीजों को किए फल वितरित

Faridabad/Alive News

देवउठनी एकादशी के दिन गुरुवार को सबके पूज्य बाबा स्वर्गीय पंडित शिव चरण लाल शर्मा पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार की जयंती के अवसर पर टीम पंडित ने जवाहर कॉलोनी ईएसआई एवं फिजियोथेरेपी सेंटर में मरीजों को फल वितरित कर मनाई और इस मौके पर विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के वार्ड-6 में 30 फीट रोड मायाकुंज के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया. विधायक द्वारा बताया गया कि यह माया कुंज वार्ड-6 और वार्ड-5 को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है, जो काफी समय से जर्जर हालत में थी और आज बाबा के जन्मदिन के अवसर पर इसका उद्घाटन किया गया है. इस अवसर पर नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता प्रमोद पचौरी, राममेहर प्रधान, रामसिंह यादव, दामोदर पडिंत, शिवदत्त शर्मा, प्रेम नांगी, दयाचंद चावला, सुधीर शर्मा, चौधरी धर्मपाल, धनराज एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री के 93वें जन्मदिन पर एनआईटी-86 विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय शिवचरणलाल शर्मा ने हमेशा एनआईटी विधानसभा के लोगों के कल्याण के लिए काम किया। वह हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे, यही कारण है कि क्षेत्र के लोग आज भी उनसे बेहद प्यार करते हैं। वह आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। यह उनका आशीर्वाद है कि जनता ने उन्हें वोट देकर फरीदाबाद से एकमात्र कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा। जनता के इस सम्मान और प्यार को हमेशा याद रखते हुए वह क्षेत्र की सेवा और अपने पिता के नक्शेकदम पर चलने के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और वह यह बर्दाश्त नहीं करेंगे कि उनके परिवार को किसी भी प्रकार का दुख या तकलीफ उठानी पड़े। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्री मुनेश शर्मा ने कहा कि आज हमारे पूरे क्षेत्र के प्यारे बाबा और मेरे पिताजी का 93वां जन्मदिन है। विधानसभा-86 के लोगों ने बाबा से सीखा कि कोई भी काम मुश्किल नहीं है, बशर्ते आपके पास उस काम को करने की प्रेरणा और इच्छा शक्ति हो। पूर्व मंत्री के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मुकेश शर्मा, टीम पंडित जी के सहयोगी मुनेश पंडित, विधायक नीरज शर्मा, कृष्ण लोहिया, गौरव ढीगड़ा, दिनेश अरोड़ा, कुलदीप शर्मा, हरबीर मावई, जावेद अख्तर, तरूण नरूला, रधुवर दयाल, संजीव कुशवाहा व संदीप कुमार सहित बाबा को श्रद्धांजलि दी गयी.

# यूथ फेस्टिवल युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतर प्लेटफार्म- विधायक



Faridabad/Alive News

विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि यूथ फेस्टिवल युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतर प्लेटफार्म होता है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रतिभाशाली युवा फेस्टिवल के जरिये अन्य युवाओं के प्रेरणा स्रोत बनते हैं। विधायक सीमा त्रिखा बुधवार को डीएवी शताब्दी महाविद्यालय एनआईटी-2 में जिला फरीदाबाद के 10 आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ अवसर पर उपस्थित युवाओं को सम्बोधित कर रही थी। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों और मूल्यों को फैलाने के उद्देश्य से युवा शक्ति की भावना में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए युवा उत्सव का आयोजन किया गया है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि फेस्टिवल के जरिये युवा विद्यार्थियों में छिपी हुई कला का बेहतर प्रदर्शन करने का बेहतर मौका मिलता है। फेस्टिवल में बहुत सारे लोगों को प्रतिभागियों की कला देखकर उन लोगों के वह प्रेरणा के स्रोत बनते हैं। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि यूथ फेस्टिवल में युवाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है। जिससे कि भागीदार युवा कई युवाओं की प्रेरणा का स्रोत बनता है। युवाओं में छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन यूथ फेस्टीवालों के जरिए ही होता है। दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन भाषण, मौके पर व्याख्यान, कहानी लेखन, फोटोग्राफी, पोस्टर मैकिंग, नृत्य (सामूहिक), नृत्य (एकल), गायन (समूह), गायन (एकल) की प्रस्तुतियाँ दी गयी। दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन भाषण, मौके पर व्याख्यान, कहानी लेखन, फोटोग्राफी, पोस्टर मैकिंग, नृत्य (सामूहिक), नृत्य (एकल), गायन (समूह), गायन (एकल) की प्रस्तुतियाँ दी गयी। उक्त प्रोग्राम Department of Youth Empowerment and Entrepreneurship, Haryana से प्राप्त निर्देशानुसार श्रीमति सुनीता, ड्ढष्ह्र के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राजकीय आई0टी0भाई0 (महिला) फरीदाबाद की छात्राओं द्वारा मोटे अनाज से बने पकवान भी बनाकर प्रदशित किए गए। इस अवसर पर डीआईपीआरओ राकेश गौतम, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विजयवंती एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य भगत सिंह, रविन्द्र पाल वर्ग अनुदेशक, संतोष कुमारी, सतीश कुमार, राजकीय ऊँचागाँव से ओम प्रकाश कार्यवाहक प्रधानाचार्य, राजकीय आई0टी0आई0 पाली से शिव नारायण कार्यवाहक प्रधानाचार्य, राजकीय आई0टी0आई0 तिगाँव से श्री प्रेमचन्द कार्यवाहक प्रधानाचार्य, राजकीय मोहना से जिले सिंह कार्यवाहक प्रधानाचार्य, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महिला से मीनू वर्मा उपस्थित रहे।

# गवर्नमेंट स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य चेकअप कैंप का आयोजन

Faridabad/Alive News




गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सौजन्य से तथा विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सहयोग से हेल्थ चेक अप कैंप आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि आज विद्यालय की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की स्वास्थ्य की जांच स्वास्थ्य विभाग जिला नागरिक चिकित्सालय से आई टीम द्वारा की गई। उन्होंने बताया की विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का चेक अप विगत सप्ताह से किया जा रहा है। डिप्टी सिविल सर्जन तथा उन की टीम के सहयोगियों द्वारा सभी छात्र छात्राओं का ब्लड शूगर, ब्लड प्रेशर, हाइट, वेट, आईसाइट तथा बी एम आई आदि की जांच की जा रही है। विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं की स्वास्थ्य की गहन जांच डिप्टी सिविल सर्जन, ए एच काउन्सलर, स्टाफ नर्स एवम अन्य कर्मचारियों की टीम द्वारा की जा रही हैं। चिकित्सकों के दल ने सभी को हृदय आघात, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, नशे से दूर रहने तथा बॉडी मास इंडेक्स से सम्बन्धित जानकारी समझा कर बताई। डिप्टी सिविल सर्जन की टीम का प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, गणित प्राध्यापक संदीप, अंग्रेजी प्राध्यापक जितेंद्र गोगिया, शिक्षक धर्मपाल एवम विद्यालय के समस्त अध्यापकों, रविंद्र रोहिल्ला, संजीव, मीना और कर्मचारियों ने स्वागत और अभिनंदन किया। डॉक्टर नीरज कुमारी मेडिकल ऑफिसर, डॉक्टर ममता, फार्मेसिस्ट कुलदीप, ए एन एम कृष्णा, ए एन एम अंजु और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के स्टाफ सदस्य चिकित्सकों की टीम ने सभी विद्यार्थियों को एनीमिया से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और बताया कि किस किस प्रकार से वे एनीमिया को हरा सकती हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सभी चिकित्सकों की टीम एवम अध्यापकों का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों को हरी सब्जियां, फल, अंकुरित अन्न, सिटरस फ्रूट्स, पत्तेदार सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करने का परामर्श दिया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने डिप्टी सिविल सर्जन नीरज और उन के दल के सभी चिकित्सकों का छात्राओं के स्वास्थ्य की गहन जांच के लिए विद्यालय में पधारने पर हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया।

# किसानों को दी गयी नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम एप्लिकेशन की जानकारी: डीसी



Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को एसडीओ कृषि कार्यालय बल्लभगढ़ में भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र से आयी टीम द्वारा जिला फरीदाबाद के किसानों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन पद्धतियों तथा नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम डिजिटल एप्लिकेशन के उपयोग हेतु प्रशिक्षण दिया गया। एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र से आयी टीम में उप निदेशक डॉ. वंदना पांडेय, उप निदेशक डॉ. वी.डी निगम, वनस्पति संरक्षण अधिकारी लक्ष्मी चंद दीक्षित, वनस्पति संरक्षण अधिकारी जमुना नेगी द्वारा किसानों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की विभिन्न पद्धति जैसे की बीजोपचार, फ़ेरोमोन ट्रैप, इत्यादि तथा नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम डिजिटल एप्लिकेशन का विस्तार से वर्णन किया गया। प्रशिक्षण में किसानों के मोबाइल में एप्लिकेशन डाउनलोड करवाकर उसको उपयोग करने के तरीके के बारे में जानकारी दी गयी एवं ट्राईकोडर्मा द्वारा बीज उपचार एवं मृदा उपचार के लिए ट्राईकोडर्मा पाउडर वितरित किया गया। इस मौके पर एसडीएओ डॉ.मनजीत सिंह, खंड कृषि अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, तकनीकी सहायक लक्ष्मण सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसान अपने दस्तावेज विभागीय पोर्टल पर 30 तक अपलोड करें : डीसी

Faridabad/Alive News

डीसी विकम सिंह ने बताया कि जिन किसानो ने वर्ष 2023-24 में सीआरएम स्कीम में व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत 22 अगस्त 2023 तक आवेदन किया था। उन किसानों का चयन आनलाइन ड्रा के माध्यम से किया गया था। वो किसान अपने दस्तावेज विभागीय पोर्टल पर 30 नवंबर 2023 तक अपलोड करवाएं। यह दस्तावेज अपलोड़ करवाने के उपरांत सहायक कृषि अभियंता, फरीदाबाद के कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चत करें। कृषि विकास अधिकारी (कृषि यन्त्र) श्याम सुन्दर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन चनयित किसानों ने अपने पूर्ण दस्तावेज सहायक कृषि अभियंता, फरीदाबाद के कार्यालय में जमा करवा दिए है तथा जिन किसानों को आनलाइन परमिट प्राप्त हो गया है। वे सभी किसान उपरोक्त स्कीम के तहत अपने कृषि यंत्रो की खरीद के बिल, ई -वे बिल, लोकशन सहित किसान की मशीन के साथ में फोटो व लेजर कटिंग की फोटो विभागीय पोर्टल पर जमा करवाने है। सभी किसान अपने सुपर सीड़र मशीन पर GPS लगवाना सुनिश्चित करे।



# डीसी ने वोटरों के पेंडिंग फार्मों को पूरा करने के दिए दिशा निर्देश

Faridabad/Alive News

हरियाणा के मुख्य चुनाव आयुक्त अनुराग रस्तोगी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के हिदायतों का मतदाता सूची के ड्राफ्ट के लिए पेंडिंग फार्मों को पूरा पालन करना सुनिश्चित करें। मुख्य चुनाव आयुक्त अनुराग रस्तोगी आज बुधवार को विडियो कान्फ्रेंस के जरिये प्रदेश के सभी उपायुक्तो कम जिला निर्वाचन अधिकारियों को सम्बोधित कर निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला वार सभी नए वोटरों, ट्रांसफर वोटरों और मृत्यु हुए वोटरों के फार्मों की पेंडिंग को पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ ही जो भी युवा 01जनवरी 2024 को 18 साल का हो जाएगा यानी 01अक्टूबर 2006 से पहले जन्मे हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों में स्वीप एक्टीविटी के जरिये जागरूकता अभियान चला कर जागरूकता फैलाए। वहीं योग्य/पात्र व्यक्ति आयोग की वेवसाईट https://voters.eci.gov.in पर जाकर ऑनलाईन प्लेटफॉर्म प्रणाली के जरिये आवेदन कर सकते हैं।

मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट में सभी एईआरओ/ श्वत्र्ह अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र के मृत व पलायन कर चुके मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों अनुसार कार्यवाही करने उपरान्त मतदाता सूची से हटाना सुनिश्चित करें और उससे संबंधित रिकॉर्ड तीन वर्ष तक सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर स्पेशल कैम्प लगाए जा रहे हैं प्रत्येक जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैम्पों का आयोजन कर भारत निर्वाचन आयोग की सख्त हिदायतों के अनुसार जो भी युवा 01जनवरी 2024 को 18 साल का हो जाएगा यानी 01अक्टूबर 2006 से पहले जन्मे हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करने के लिए दावे और आपत्ति लेना सुनिश्चित करें।

**डीसी ने यह दिए बैठक में दिशा-निर्देश**

फरीदाबाद डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने दिशा निर्देश दिए हैं कि सभी चुनाव सुपरवाइजर और बीएलओ/ क्क्ल्ह के विभागाध्यक्ष की बैठक तुरंत प्रभाव से




आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। लोगों के लिए उनके बाहुल्य क्षेत्रों में कैम्प का आयोजन करें।इसके अलावा सभी अपने-अपने विधान सभा क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थान में पढने वाले पात्र छात्र/छात्राओं का शत प्रतिशत मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। शैक्षिक संस्थानों और कॉलेजों के नोटिस बोर्ड पर नोडल अधिकारी का नाम, पद, मोबाइल न0. आदि चस्पा करवाए ताकि किसी छात्र/छात्रा को पंजीकरण में कोई समस्या हो तो वे उस अधिकारी से सम्पर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवा सके। सभी कैम्पस एम्बेसडर नियुक्त कर फोटो सहित पूर्ण सूचना जैसे रोल न0, कक्षा, नाम पता निर्वाचन कार्यालय में भिजवाए।

कोई भी योग्य/पात्र व्यक्ति आयोग की वेवसाईट https://voters.eci.gov.in पर जाकर ऑनलाईन आवेदन जरूर करें। निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कोई भी योग्य/पात्र व्यक्ति आयोग की वेवसाईट https://voters.eci.gov.in पर जाकर ऑनलाईन प्लेटफॉर्म प्रणाली के जरिये वोट बनाने के लिए आवेदन कर सकता है। इस बारे अपने संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं को सूचित करवाए। ईएलसी के तहत न्यू वोटर क्लब का गठन कर उसकी सूचना निर्वाचन कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। सभी संस्थान छात्र/छात्राओं को पुनरीक्षण कार्यक्रम आगामी 28 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। इस बारे अवगत कराए ताकि वंचित पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

**भारत निर्वाचन आयोग की विशेष हिदायतें**

डीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की विशेष हिदायतों के अनुसार जहां भी एक संस्थान में पांच पोलिंग बूथ हैं, वहां से संभावित पोलिंग स्टेशनों की तलाश करना सुनिश्चित करें। स्थानांतरित वोट पर विशेष फोकस करें। हर एईआरओ अपने अपने इलाकों की विजिट करना सुनिश्चित करें।बैठक में चुनाव नायब तहसीलदार ने जिला फरीदाबाद के सभी छ्ह विधान सभा क्षेत्रों में पैन्डिगं फार्मों की जानकारी निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में एडीसी आनन्द शर्मा, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बडखल अमित मान, सीटीएम हरीराम, एचएसवीपी एस्टेट आफिसर्स सिद्धार्थ दहिया, डीआरओ बिजेन्द्र राणा, डीडीपीओ उपमा अरोडा सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव कानूनगो सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## खिलाड़ियों को खेल में अपने अनुशासन का परिचय देना चाहिए : संयुक्त आयुक्त




**Faridabad/Alive News**

सैक्टर-31 स्थित फरीदाबाद मॉडल स्कूल में आयोजित एफ.एम.एस. 2023 बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए आईपीएस संयुक्त आयुक्त फरीदाबाद पुलिस कहा कि खेल हमें सहयोग, मितव्ययता परस्पर मिलने और जुलने तथा अपना कुशल-कौशल दिखाने का मौका देते है इसलिए खिलाड़ियों को हमेशा निर्वाध रूप से खेलकर अपने खेल अनुशासन का परिचय देते हुए खेलना चाहिए। उन्होने लोगों का आव्हान किया कि वे बेटियों को खेल के लिए अवश्य प्रेरित करे क्योंकि बेटियां भी खेल के क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपमण्डल अधिकारी (एच. सी. एस.) परमजीत सिंह चहल जी ने कहा की शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अब युवा अपना भविष्य संवार सकते है। हरियाणा सरकार ने छात्र और छात्राओं के लिए खेलों के प्रोत्साहन हेतु अनेक प्रकार की योजनाएं चला रखी है जिनका बच्चे भरपूर लाभ उठाएं। इस प्रतियोगिता में जिले भर के स्कूलों की लड़के व लड़कियों की 27 बास्केटबॉल की टीमें हिस्सा ले रही है। स्कूल के चेयरमैन एवं चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के पूर्व चेयरमैन एच एस मलिक ने कहा की विद्यालय हमेशा बच्चों की प्रतिभा को निखारने में हमेशा आगे रहा है। इसका परिणाम यह है कि स्कूल के अनेक छात्र छात्राओं ने जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाकर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके है। स्कूल की अकेडमिक डायरेक्टर शशि मलिक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों की इन प्रतियोगिताओं से मानसिक और शारीरिक विकास होता है यही हमारा लक्ष्य है। स्कूल के डायरेक्टर श्री उमंग मलिक ने कहा कि ऐसे खेलों के आयोजन जिले में होते रहने चाहिए ताकि बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को उजागर किया जा सके। इस अवसर पर ए. सी. पी. मोनिका, पूर्व आई. ए. एस. एवं जाट समाज फरीदाबाद के प्रधान जे. पी. एस. सांगवान, पूर्व कमिश्नर कैबिनेट सेक्रेटिरयेट ए. के. मलिक, राज मलिक, जे. पी. मल्होत्रा, एस. एच. ओ योगेश, वीरेंद्र सिंह सांगवान, चीफ फार्मेसिस्ट, एस. आर. तेवतिया, रमेश चौधरी, विंग कमांडर एच सी मान (रिटायर्ड) सहित विभिन्न स्कूलों के प्रिंसीपल, कोच तथा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## साइबर अपराधों के प्रति दुर्गा शक्ति की टीम ने बच्चों को किया जागरूक

**Faridabad/Alive News**

दुर्गा शक्ति की टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय बल्लभगढ़ में करीब 700 छात्र-छात्राओं को वीडियो वेन के माध्यम से महिला सुरक्षा, गुड व बैड टच, साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों और डायल 112 एप के संबंध में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी, महिला थाना प्रबंधक और सिटी थाना प्रबंधक व दुर्गा शक्ति टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय बल्लबगढ़ में करीब 700 छात्र-छात्राओं को जागरुक किया है।



**साइबर क्राइम के प्रति जागरुक तथा बचाव**

सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी ने बच्चो को बताया कि फेसबुक, व्हाट्सएप या किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील चैट या वीडियो कॉल की रिक्वेस्ट आए तो उसे तुरंत ब्लॉक करें। फेसबुक, व्हाट्सएप पर किसी अननोन नम्बर से वीडियो कॉल आने पर अटेन्ड न करे । फोन कॉल, एसएमएस या अन्य किसी माध्यम से ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम पिन और सीवीवी किसी के साथ भी शेयर न करें। इस से आप के साथ साइबर फ्रॉड हो सकता है। साइबर अपराधों से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किया गया है जिस पर संपर्क करके साइबर अपराध की शिकायत की जा सकती है।

**नशे के दुष्परिणाम**

थाना सिटी प्रबंधक ने बताया नशे से होने वाली स्वास्थ्य व धन की हानि के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ के साथ साथ धन की हानि होती है। नशे से हजारों लाखों घर बर्बाद हो चुके है। नौजवान बच्चे शौक शौक में नशे की बुरी लत को पाल लेते हैं। बाद में नशे की पूर्ति के लिए क्राइम का सहारा लेते हैं जिसमें नौजवान चोरी, स्नैचिंग, लूट तथा अवैध हथियार के साथ वारदातों को अंजाम देते हैं जिसके कारण उनकी हंसती खेलती जिंदगी बर्बाद हो जाती है। हमें नशे से शुरुआत में ही लड़ना चाहिए जिससे कि हम अपनी स्वास्थ्य व धन के साथ अपने परिवार की खुशियों को बचा सके। पुलिस टीम ने छात्रों व अध्यापकों के साथ नशा न करने की शपथ ली। साथ ही अगर उनके क्षेत्र में कोई नशा तस्करी,नशा बेचने संबंध में कार्य करता है तो पुलिस के टोल फ्री नंबर 9050891508 पर सूचना भी दे। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

**महिला सुरक्षा**

महिला थाना बल्लबगढ़ प्राभारी ने छात्र-छात्राओं को गुड व बैड टच के संबंध में जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि आप इसका विरोध नहीं करेंगे तो आरोपी फिर से इस प्रकार की अपराधिक वारदात को दुबारा से गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। अगर कोई व्यक्ति छात्र-छात्रों को रास्ते में पिछा करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को डायल 112 पर दे। जिससे पुलिस आपके पास 10-15 मिनट में आपके पास सहायता के लिए पहुंच जाएगी।

## युवा महोत्सव के समापन समारोह में एडीसी ने युवा विजेताओं को किया सम्मानित



**Faridabad/Alive News**

एनआईटी स्थित डीएवी शताब्दी कॉलेज के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का आज शुक्रवार को समापन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर एवं प्रतिभा को प्रदर्शित किया। समापन समारोह में फरीदाबाद के एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य भगत सिंह ने की तथा प्राचार्या विजयवंती ने अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हुआ। एडीसी आनंद शर्मा ने कार्यक्रम में युवाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि समारोह में कार्यक्रमों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि आज देश का युवा सही राह पर है तथा हमारे देश की बेटियां भी अब पुरुषों से कंधे से कन्धा मिलकर चल रही हैं। उन्होंने युवा छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी कार्यक्रमों की जमकर प्रशंसा की और आह्वान किया है कि वह समाज में देश के लिए भी काम करें। उसके बाद उन्होंने विजेता टीम एवं अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थान एवं विभाग से आए यूथ कोऑर्डिनेटर ऑफिसर सुनीता, आईटीआई फरीदाबाद से रविंदर पाल वर्ग अनुदेशक, रजत राणा वर्ग अनुदेशक, आईटीआई महिला फरीदाबाद से संतोष कुमारी, सतीश कुमार वर्ग अनुदेशक, आईटीआई ऊंचा गाँव से ओमप्रकाश वर्ग अनुदेशक, आईटीआई तिगाँव से प्रेमचन्द्र, आईटीआई पाली से शिवनारायण, आईटीआई मोहना से जिले सिंह ने निर्णायक मंडल के सदस्यों की भूमिका निभाई।

## फरीदाबाद में जल संसाधन योजना के लक्ष्य की बैठक कर की समीक्षा



**Faridabad/Alive News**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी विभागों के जिला एचओडी जल संसाधन योजना 2022-25 के लक्ष्य कर आन लाइन अपलोड करें। जिला में जल संरक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी जनभागीदारी को अधिक से अधिक शामिल करें। डीसी विक्रम सिंह ने आज शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिला जल संसाधन योजना 2022-25 के लक्ष्य की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एचडबल्यूआरए कंसल्टेंट नरेश निझावन ने जुड़ कर जल संसाधन योजना के बारे जानकारी दी। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारें जल संरक्षण के लिए चिंतिनशील हैं और इस दिशा में वर्षा के जल सहित जल संरक्षण के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तेजी से हो रहे कार्य की लगातार मानिटरिंग की जा रही हैं। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत काल मे शासन- प्रशासन सम्बंधित सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके जल संरक्षण की दिशा में बेहतर क्रियान्वयन के लिए काम करें। डीसी विक्रम सिंह ने एक एक करके सिंचाई, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, शिक्षा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, एमसीएफ, वन सहित तमाम विभागों के अधिकारियो से विभाग वार जलशक्ति अभियान मे किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल को संचय करते हुए हमें इसका सदुपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको चाहिए कि हम भी जल संरक्षण में भागीदार बनते हुए सरकार का पूरा सहयोग करें और आने वाली पीढ़ी के लिए जल बचाएं। वहीं जिला में सभी विभागों अपनी आईईसी गतिविधियों को तेजी से आगे बढ़ाए ताकि लोगों को जल संचय के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके। बैठक में एडीसी आनंद शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, सिचाई, कृषि एवं किसान कल्याण, जिला विकास एवं पंचायत, एचएसआईडीएस, एमसीएफ, वन विभाग सहित तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीवा पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

**Faridabad/Alive News**

सैक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेल महोत्सव का समापन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं खेल भावना के प्रति सजग करना है। इसलिए कार्यक्रम में विशेष रूप से यह ध्यान दिया गया कि विद्यालय का प्रत्येक छात्र इस महोत्सव में किसी भी रूप में अवश्य भाग ले। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने एक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के चारों सदनों में अंर्तसदन के रूप में आयोजित की गई। चारों सदनों के छात्रों एवं अध्यापकों ने प्रत्येक पक्ष को ध्यान में रखा खेलकूद अनुशासन एवं सामाजिक विषयों को अपने.अपने लक्ष्यों में शामिल किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से दक्षताए निपुणता एवं बौद्धिक क्षमता को ध्यान में रखा गया।

विद्यालय में इस बार का खेल महोत्सव एशियन गेम्स की थीम पर आधारित रही। इसके अलावा विद्यालय के प्रमुख सिद्धांत मल्टीपल इंटेलिजेंस एवं मल्टीपल नेचर स्वाध्याय एवं एसओई को भी विशेष रूप से शामिल किया गया। प्रत्येक सदन ने अपने.अपने स्तर पर सामाजिक संदेश भी दिए और ये सामाजिक संदेश भी बहुत महत्वपूर्ण रहे। आज के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्व विख्यात आयुर्वेदाचार्य एवं जीवा आयुर्वेद संस्थान के प्रमुख डॉ प्रताप चौहान उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि छात्रों को सदैव सात्विक भोजन सात्विक विचारए एवं सात्विक सत्संग करना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि छात्रों को फिजिकल फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए और व्यायाम इत्यादि अवश्य करना चाहिए।



इस प्रतियोगिता में अशोका सदन अपने सर्वोत्तम अंकों व सभी मापदंड केअनुसार प्रथम स्थान पर रहाए द्वितीय स्थान पर मीराबाई सदन रहा दोनों सदनों के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन की विशेष रूप से सराहना की गई। विद्यालय के फीजिकल एजुकेशन के टीचर जितेंद्र नागर ने भी इस उपलक्ष्य में छात्रों के प्रदर्शन की सरहाना की व और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने सभी छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए लक्ष्य बनाने चाहिए और उनको पूर्ण करने के लिए योजना भी बनानी चाहिए। स्वाध्याय और दिनचर्या के नियम ऐसे शस्त्र हैं जिनसे हम किसी भी क्षेत्र में व किसी भी योजना में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहानऔर एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने भी इस अवसर सभी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## सीनियर श्रीराम स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**Faridabad/Alive News**

जवाहर कॉलोनी 60 फीट रोड स्थित सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया और यूनिक रिकॉर्डिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर जगदीप ग्रोवर तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिक्षाविद आर. के शर्मा, शिक्षाविद निशा मलिक पहुंची। समारोह की शुरुआत अतिथि के दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई। समारोह में कक्षा नर्सरी से 9वीं के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, वेलकम सॉन्ग, कविता, थीम ऑफ फ्लावर, स्वागत सॉन्ग, थीम ऑफ ग्रैंड फादर, जोकर, योगा, थीम ऑफ हैप्पी, एजुकेशन एकेडमिक बोथ इंपोर्टेंट, चाइल्ड लेबर, इंडिया वाले, थीम ऑफ पेरेंट्स, एनिमल क्रुएल्टी और गॉड इज वन की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की प्रस्तुति को अतिथि और अभिभावकों ने खूब सराहना की। इस बीच विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमृता ज्योति ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य 'हर घर ध्यान, हर घर ज्ञान और हर घर शक्ति' की सोच को आगे बढ़ाना है। इसके अलावा विद्यार्थियों को ड्रग्स के दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। आज के बच्चे भविष्य में देश के नागरिक बनेंगे और देश की तरक्की में योगदान देंगे। ऐसे में बच्चों के अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना बेहद जरूरी है तभी देश आगे बढ़ेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक भी किया गया। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमृता ज्योति, डायरेक्टर गुरप्रीत कौर और प्रिंसिपल विक्रम सिंह राठौर ने समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत शोल और बुके भेट कर किया।






## विधायक ने दी चेतावनी, क्षेत्र के लिए पैसे अलांट नही किए गए तो त्याग दूंगा कपड़े,

**Faridabad/Alive News**

विधायक नीरज शर्मा ने पत्रकारों से वर्तालाप करते हुए बताया कि एनआईटी विधानसभा की नरकीय स्थिति को लेकर उनके द्वारा नगर निगम फरीदाबाद आयुक्त एंव अधिकारियों से सयुंक्त मीटिंग करके एनआईटी विधानसभा की मुख्य समस्या सीवर ओवरफ्लो, जल भराव, टुटी गलियों से लोगो को राहत दिलाने के लिए कार्य करने का अनुरोध किया था, जिसपर नगर निगम फरीदाबाद द्वारा एनआईटी विधानसभा में नालो का निर्माण, सडको का निर्माण, गलियों के निर्माण करने के लिए लगभग 27.48 करोड़ रुपए के एस्टीमेंट तैयार किए थे, जिसको आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद ने सरकार के पास भेजते हुए लिखा है कि एनआईटी विधानसभा विकास कार्यो की अतिशीध्र आवश्यकता है लेकिन नगर निगम के पास पैसो का अभाव है इसलिए फंड जारी करने का कष्ट करे ताकि एनआईटी विधानसभा के लोगो को नरकीय स्थिति से निजात मिले। विधायक



नीरज शर्मा ने बताया कि 1 नवम्बंर 2023 को मुख्यमंत्री महोदय से दूरभाष पर बात हुई थी जिसपर उनको बताया गया था कि एनआईटी के 27.48 करोड़ रुपए के कार्यो की फाईल निदेशक, अतिरिक्त मुख्य सचिव शहरी स्थानीय निकाय विभाग से पास होकर माननीय मंत्री महोदय से पास होकर आपके कार्यालय में लम्बित है जिसपर मुख्यमंत्री द्वारा आवश्वासन दिया गया था कि मै चैक करवाता हूं। लेकिन बड़े दुख की बात है कि आजतक उपरोक्त फाईल पास नही हुई है। जबकि भाजपा का नारा है कि सबका साथ सबका विकास। मेरे क्षेत्र की जनता देख रही है कि यह कैसा भाजपा का सबका साथ सबका विकास है। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मैने इसको आगामी विधानसभा सत्र में प्रश्न भी लगया है और मैं 24 नवम्बंर से 04 दिसम्बंर तक अमेरिका में श्रीराम कथा करने जा रहा हूँ अगर मेरे आने तक मेरे क्षेत्र की जनता के लिए पैसे नही अलांट किए गए तो मै इस विधानसभा सत्र में अपने कपड़े त्याग दूंगा और सिर्फ 2 गज के कपड़े में रहूंगा और अगर ठंड के कारण मुझे कुछ हुआ तो उसकी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी।

## गायक सोनू निगम के लाइव कंसर्ट के साथ संपन्न हुआ जेस्ट-23

**Faridabad/Alive News**

लिंगयाज विद्यापीठ में आयोजित दो दिवसीय जेस्ट-23 मशहूर गायक सोनू निगम के लाइव कंसर्ट के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सोनू निगम



ने कहा कि आज मैं अपनी जन्म स्थली पर आया हूं, फरीदाबाद से मेरा पारिवारिक नाता है। उन्होंने फीदाबाद वासियों को अपने परिवार के सदस्य बताया और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने अपने सभी मशहूर गानों की प्रस्तुती दी। सभी के कदम नाचने को मजबूर हो उठे। लेकिन उनके गीत संदेशे आते है, हमें तड़पाते है कि प्रस्तुती से सारा सभागार जैसे भाव विभोर ही हो उठा। कॉलेज सचिव डॉ पिचेश्वर गड्डे ने उनका स्वागत किया। सोनू निगम ने भी संस्थान के 25 वर्ष संपूर्ण होने की सबको बधाई दी।

Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448